पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 19 ◆ रायपुर 05 अप्रैल 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### 'हमने बनाया है- हम ही संवारेंगे', पीएम मोदी बोले- कांग्रेस सरकार में खूब घोटाले हुए

# छत्तीसगढ़ को मिली 33 हजार 700 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात

## प्रदेश की साय सरकार आपके सपनों को पूरा करेंगे- पीएम





**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू नववर्ष के शुभारंभ के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर विकास की नई रोशनी फैली है, जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की बहुआयामी परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने जनसभा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया।

### जनकल्याण और अधोसंरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई परियोजनाएं रेल, सड़क, ऊर्जा, ईंधन, आवास और शिक्षा से जुड़ी हैं, जो न केवल लोगों के जीवन में खुशहाली और सुविधा का नया सूर्योदय लाएंगी, बल्कि विकसित छत्तीसगढ़ की नींव भी मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर लोगों ने भरोसा किया जिससे विधानसभा और लोकसभा चुनावों में डबल इंजन की सरकार बनी और अब स्थानीय निकाय चुनावों में तीसरा इंजन भी जुड़ गया है।

### 2047 के विकसित भारत की ओर छत्तीसगढ़ का मजबूत कदम

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भावी पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखकर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ इसमें ऊर्जा, खनिज और कृषि के क्षेत्र में राष्ट्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक बनेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसे कार्यक्रमों के जरिए अंतिम छोर तक लाभ पहुंचा है। साथ ही रेल, सड़क, एयर कनेक्टिविटी और डिजिटल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है।

### छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य होगा

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आने वाले 25 साल बाद जब हम छत्तीसगढ़ की स्थापना का 50वां वर्ष मनाए तो यह अग्रणी राज्य होगा। यहां विकास का लाभ छत्तीसगढ़ के हर परिवार तक पहुंचे इसके लिए हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। आज नववर्ष की शुरुआत में बहुत बड़ा सपना आरंभ हो रहा है। इसके लिए आप सभी को बधाई। प्रदेश की साय सरकार आपके सपनों को पूरा करेंगे। हमने बनाया है हम ही संवारेंगे के संकल्प को लेकर हम काम कर रहे।*

## डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद के समूल नाश में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है




**रायपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वामपंथी उग्रवाद की स्थिति पर विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, केन्द्रीय गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, राष्ट्रीय जांच एजेंसी सीमा सुरक्षा बल और भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के महानिदेशक, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद के समूल नाश में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च से पहले ही छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में नक्सलवाद एक इतिहास बन जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद के कारण कई पीढ़ियाँ बर्बाद हो गई हैं।

**31 मार्च से पहले ही छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में नक्सलवाद एक इतिहास बन जाएगा**

# लाल आतंक के अंत में सुरक्षा बलों की भूमिका सराहनीय - केंद्रीय गृह मंत्री






**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने दंतेवाड़ा में सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बस्तर अब लाल आतंक से बाहर निकलकर उन्नति की ओर अग्रसर है। यह बदलाव हमारे वीर जवानों की बहादुरी और सतत प्रयासों का परिणाम है।डीआरजी, कोबरा बटालियन, छत्तीसगढ़ पुलिस और पैरा मिलिटरी फोर्सेस की इसमें उल्लेखनीय भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि अंदरूनी क्षेत्रों में सुरक्षा कैम्पों की स्थापना से अनेक गाँव नक्सल मुक्त हो रहे हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने नक्सली हिंसा में घायल होने वाले जवानों के बेहतर इलाज के लिए रायपुर और जगदलपुर में विशेष अस्पतालों की स्थापना की भी घोषणा की। इस दौरान उन्होंने जवानों से आत्मीय बातचीत में कहा कि सरकार हर परिस्थिति में आपके साथ खड़ी है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने बस्तर पण्डुम जैसे सांस्कृतिक आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच बस्तर की कला, संस्कृति, खानपान, वेशभूषा, आभूषण, नृत्य-संगीत को देश-विदेश तक पहुँचाने का माध्यम बना है।

### भय से विश्वास की ओर बढ़ता बस्तर -मुख्यमंत्री

*मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर पण्डुम जैसे सांस्कृतिक आयोजन में केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हर बार उनके आगमन से प्रदेश के वीर जवानों का हौसला बढ़ता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह संवाद बस्तर के उस परिवर्तन का प्रतीक है जो भय से विश्वास, आतंक से विकास की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय नेतृत्व और जवानों के साहस ने मिलकर बस्तर को एक नई दिशा दी है। उन्होंने जवानों को सफल नक्सल ऑपरेशनों के लिए बधाई दी और उनके योगदान को नमन किया। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर की शांति के लिए हमारे सुरक्षा बल के जवान पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। बस्तर को नक्सल मुक्त करना केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हम सब मिलकर इस संकल्प को पूर्ण करेंगे।*

# रेल्वे अंडरब्रिज में साफ सफाई व रंग रोगन की दरकार

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के अति व्यस्त रेल लाईन हावड़ा मुंबई रेल मार्ग पर स्थित भाटापारा जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन क्षेत्र मे रेल प्रशासन द्वारा दो स्थानो पर रेल्वे अंडरब्रिज का निर्माण किया गया है जिसमे एक हटरी बाजार रेल्वे अंडरब्रिज तथा दूसरा टेंहका रोड रेल्वे अंडरब्रिज शामिल है लेकिन उक्त दोनो अंडरब्रिज की समुचित देख रेख व साफ सफ ाई नहीं होने से दोनो अंडरब्रिज से आवाजाही करने वाले आम नागरिक के साथ साथ दुपहिया मोटरसायकल चालक हलाकान है क्योकि गंदगी धूल डस्ट के साथ साथ आवारा मवेशियो के जमावड़े एवं गोबर कचरा अंडरब्रिज मे होने से लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है इस गंभीर मुददे पर ध्यानाकर्षण के बाद रेल्वे सूत्र ने कहा है कि दोनो अंडरब्रिज के रख रखाव व साफ सफ ाई की जवाबदारी राज्य शासन व भाटापारा नगर पालिका परिषद की है जिस पर साफ सफ ाई एवं रंग रोगन तथा आवाजाही के लिये



व्यवस्था बनाने की संपूर्ण जवाबदारी नगर पालिका प्रशासन को करना है। इस बीच जागरूक नागरिको ने पालिका प्रशासन को सुझाव देते हुये कहा है कि टेंहका फ ाटक पर बनाये गये अंडरब्रिज मे अधिकांश समय आवारा मवेशियों का डेरा लगा रहता है साथ हीं कुछ वार्ड विशेष के पशुपालक अपने मवेशियों को बाईपास मार्ग होकर सुरखी, बिजराडीह, सेन्दरी की ओर ले जाने के बजाय अंडरब्रिज मे घुसाकर टेंहका, मधुबन, सूरजपुरा, खोलवा मार्ग की ओर ले जाकर यातायात को जहां बाधित कर रहे है वहीं अनेक मवेशियों को रेल्वे अंडरब्रिज के नीचे ही छोड़ देते है जिससे अंडरब्रिज के रास्ते दर्जनो गांव की ओर आवाजाही करने वाले सामान्य नागरिको एवं मोटरसायकल चालको को परेशानियो से जूझना पड़ रहा है इसलिये वार्ड विशेष के तमाम मवेशी पालको की सामुहिक बैठक प्रशासन लेवें व कड़ाई से दिशा निर्देश जारी करते हुये सभी मवेशियों को सुरखी रोड बाईपास की ओर ही ले जाकर चराने के लिये निर्देश देवें जिससे की व्यवस्था मे सुधार हो सके इसी तरह हटरी बाजार रेल्वे फ ाटक के नीचे बनाये गये अंडरब्रिज जो कि आधा अधूरा है उसे पूर्ण किया जाये साथ ही वहां पर रायपुर के फ ाफ ाडीह अंडरब्रिज की तरह ही रंग रोगन कर सफ ाई व्यवस्था को दुरूस्त किया जाये वर्तमान मे धुल के गुबार से हटरी बाजार अंडरब्रिज भरा हुआ है जिससे उस मार्ग से आने जाने वाले लोग दमा व श्वांस जैसे रोगो के शिकार हो रहे है जनहित मे दोनो रेल्वे अंडरब्रिज मे आवश्यक सुधार साफ सफ ाई रंग रोगन के साथ साथ आवारा मवेशियो का आवाजाही को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाये।

# लोकोत्सव के आयोजन के लिये बैठक संपन्न

**भाटापारा।** प्रसिद्ध लोकोत्सव 2025 का 34 वां वार्षिक आयोजन आगामी 02 मई से प्रारंभ होगा और यह निरंतर 04 मई तक चलेगा छत्तीसगढी सांस्कृतिक उक्त कार्यक्रम लोकोत्सव मैदान मे आयोजित किया जायेगा। तत्संबंध मे आयोजन समिति की बैठक मे पूर्व विधायक नरेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार बल्देव भारती, एडव्होकेट जीडी मानिकपुरी, सुकृत साहू, रघुनाथ पटेल, मनीष उपाध्याय, नरेन्द्र वर्मा, प्रिया सेन, रमेश यदू, टेकराम सेन, मदन ठाकुर, बोधनी साहू, कल्याणी साहू, गायत्री आडिल, सूर्यकांती योगी, वीणा साहू व सलीम खान सहित अन्य लोगों की उपस्थिति



मे बैठक हुई जिसमे लोकोत्सव 34 वे वर्ष के आयोजन के संबंध मे विस्तार से विचार विमर्श किया गया। उपरोक्त आयोजन मे छत्तीसगढ राज्य के ख्याति प्राप्त लोक संस्कृति मंच के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे जिसमे सुआ, ददरिया, पंथी नाच, राउत नाचा, कर्मा, गौरी गौरा, बस्तरिया नृत्य, सरगुजिहा नृत्य, पंडवानी व लोक कला के क्षेत्र के अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। आयोजनकर्ताओं ने नगर व क्षेत्रवासियों से अपील की है कि लोक संस्कृति व लोक कलाकारो के कला को प्रोत्साहित करने के लिये लोकोत्सव के आयोजन मे वे सक्रियता से सहभागिता निभावें।

## संक्षिप्त समाचार

### कान्यकुब्ज समाज ने मनाया होली मिलन



**भाटापारा।** कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति मे सिमगा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित गोपाल शुक्ला तथा ग्राम कूंरा के सरपंच पद पर निर्वाचित सतीश मिश्रा का सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर राशी त्रिवेदी, मनीष मिश्रा, अटल त्रिवेदी, पुणेन्दु त्रिवेदी, अजयकांत शुक्ला, राजेन्द्र त्रिवेदी, राकेश तिवारी, बच्ची लाल, अरूण मिश्रा, पुत्ती लाल व राजा त्रिवेदी सहित बडी संख्या मे कान्यकुब्ज समाज के महिला पुरुष उपस्थित थे।

### शैक्षणिक भ्रमण पर गये महाविद्यालयीन छात्र-छात्रा




**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ. आनंद मिंज के मार्गदर्शन में रसायनशास्त्र विभाग एवं पीजीडीसीए विभाग द्वारा अध्यनरत छात्र-छात्राओं को डॉ. सी.वी.रमन वि.वि. कोटा बिलासपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह शैक्षणिक भ्रमण डॉ. सी.वी.रमन वि.वि. कोटा बिलासपुर के कुलपति पी.के. घोष, उपकुलपति डॉ जयंती चर्ट्जी मित्रा, रजिस्ट्रार अरविंद तिवारी, रसानशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि वर्मा के सहयोग से कराया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को डॉ. सी.वी.रमन वि.वि. कोटा बिलासपुर में कार्यरत डॉ. विनिता ताम्रकार, सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र ने रसायनशास्त्र विभाग, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, आकाशवाणी केन्द्र, रूरल टक्नोलॉजी विभाग, खेल मैदान व अन्य विभाग का अवलोकन कराया। विश्व जल दिवस 2025 के अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित पोस्टर, प्रश्नोत्तरी, पी.पी.टी. प्रेजेन्टेशन, स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिये एवं महाविद्यालय की छात्रा सृष्टि देवांगन ने पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम एवं प्रियंका वर्मा ने द्वितीय स्थान, पी.पी.टी. प्रेजेन्टेशन में देवव्रत यादव, स्लोगन प्रतियोगिता में स्वाति वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय को गौरान्वित किया। उक्त शैक्षणिक भ्रमण रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति सोनी व पीजीडीसीए प्रभारी जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में किया। उक्त भ्रमण में श्रीमती ऋम्भरा चैहान, वैभव गुप्ता, राजू बरेठ, श्रीमती पूर्णिमा चंदले व सुश्री रूपाली साव सहित विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# इन्द्र साव ने भाजपा सरकार पर बोला हमला, शराब नीति की आलोचना की


ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** कांग्रेस शासन के समय भाजपा नेता प्रदेश में शराब बंदी का ढिंढोरा पिटते थे और अब भाजपा की विष्णु देव साय की जिले में 21 शराब की दुकान खोलने जा रही है जिसका हम पुरजोर विरोध कर ग्रामीण महिलाओं की रक्षा सुरक्षा की मांग करते है। उक्त बातें क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने 1 अप्रैल से लागू होने जा रही नई आबकारी नीति के विरोध में कही। विधायक इंद्र साव ने अपने क्षेत्र की महिलाओं की रक्षा सुरक्षा और गांव में बिगड़ने वाले वातावरण को ध्यान में रखते हुए कहा कि राज्य सरकार अब गांव गांव दारू दुकान खुलवाने में आमदा है। पूरे प्रदेश में नई आबकारी नीति 1 अप्रैल से लागू होने जा रही है। इसके तहत छत्तीसगढ़ में 67 नई शराब दुकानें खोली जानी हैं और दुर्भाग्य की बात है कि हमारे जिले में 21 नई शराब दुकानें खोलने का प्रावधान



किया गया है। जिसमें से भाटापारा ब्लाक में 9 दुकान और सिमगा ब्लाक में 5 दुकान सहित कुल 14 दुकानें दोनो ब्लॉक में खोलने की तैयारी में है। विधायक साव ने कहा कि जब पूर्व में कांग्रेस सरकार थी तब भाजपा के नेता गण शराब बंदी की मांग करते थे धरना देते थे विधानसभा में हल्ला करते थे और जब उनकी सरकार है तो शराब बंदी तो दूर ये लोग गांव गांव में शराब बेचने जा रहे है। अब भाजपा के नेता लोग कहा छिप गये कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। विधायक साव ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुये कहा कि प्रदेश सरकार एक ओर सुशासन का दावा करती है वही दूसरी ओर वह समाज में अशांति और अराजकता फैलाने का काम कर रही है। भाजपा सरकार शराब दुकानों की संख्या बढ़ाकर समाज को और अधिक नशे की ओर धकेलने जा रही है। विधायक इंद्र साव ने सरकार से नई शराब दुकानों के प्रस्ताव को रद्द करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि नई शराब नीति को अगर लागू किया जाता है तो कांग्रेसजन आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे। जिन गांव में शराब दुकान खुलना प्रस्तावित है उन गांव के ग्रामीणों, महिलाओं के उसी गांव में धरना दिया जाएगा। साव ने कहा कि आज क्षेत्र में स्कूल और अस्पताल खोलने की सबसे ज्यादा जरूरत है ताकि बच्चों को शिक्षा और लोगो को प्राथमिक इलाज हो सके लेकिन सरकार जगह जगह शराब दुकाने खोलने जा रही हैं जिससे इसका समाज पर नकारात्मक और बुरा असर देखने को मिलेगा।

# संघ-भाजपा में तालमेल से जुड़े सुखद संकेत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अंगने में पहुंचकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि दी, जिससे संघ एवं भाजपा के बीच एक नई तरह की ऊर्जामयी सोच एवं समझ विकसित हुई है। एक नई प्राणवान ऊर्जा का सूरज उगा है, नये संकल्पों को पंख लगे हैं।

संघ के सौ वर्ष पूरे करने के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी ने सही कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की संबोधन में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की नि:स्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा करते हुए जहां नये बन रहे भारत की बानगी प्रस्तुत की, वही संघ की उपयोगिता एवं महत्व को चार-चांद लगाये। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की इस पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं तो दूरगामी परिदृश्य भी है। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास को अनुभव किया गया था, वह संवाद, समझ, सकारात्मक सोच व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में भाजपा व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका बढ़ेगी, जिससे देश हिन्दू राष्ट्र के रूप में सशक्त होते हुए विश्व गुरु बनने के अपने संकल्प को पूरा कर सकेगा। वसुधैव कुटुम्बकम के भारत के उद्घोष को अधिक सार्थक करते हुए दुनिया के लिये एक रोशनी बनेगा। यह सर्वविदित है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण एवं अहंकारी बयानों से भाजपा का कद संघ से बड़ा बताने की कोशिशें हुई थी, जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक एवं खटास देखी गई। जिसका असर लोकसभा चुनाव में चार सौ पार के लक्ष्य पर पड़ा, उसके मूल में संघ कार्यकर्ताओं की उदासीनता रही है। बाद में दोनों के रिश्ते सामान्य होने के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आशातीत सफलता हाथ लगी, कहा जा रहा था कि उसमें संघ कार्यकर्ताओं का समर्पण व सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण घटक रहा। अब संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री की यात्रा से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि दोनों की रीतियों-नीतियों फिर से बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। इसका असर आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका को लेकर देखने को मिलेगा, ऐसा ही असर बदलते वक्त के साथ पार्टी के अन्य फैसलों पर भी नजर आ सकता है। आने वाले समय में भाजपा के लिये संघ का सहयोग पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अपनी जमीन मजबूत करने एवं जड़े जमाने में मील का पत्थर साबित होगा। इन राज्यों में संघ अपनी आधार भूमि को विस्तार दे रहा है। यानी दोनों अब सामंजस्य, सहयोग व सहजता के साथ आगे बढ़ेंगे। अर्थात भाजपा अब अपने वैचारिक एवं ऊर्जा स्त्रोत के साथ बेहतर तालमेल करके चलना चाहेगी। मोदी की नागपुर यात्रा के अनेक शुभ संकेत देखे जा रहे हैं, इसको औरंगजेब, राणा सांगा, संभल विवाद के बीच हिन्दुत्व की राजनीति को नई धार देने की कोई योजना के साथ जोड़कर भी देखा जा रहा है, नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की इस मुलाकात को 2029 के चुनावों की कोई नई पटकथा तैयार करने की पृष्ठभूमि में भी देखा जा रहा है।

**- ललित गर्ग**

# दोनों सदनों से पास हो गया वक्फ संशोधन बिल लेकिन विवाद अभी थमने वाला नहीं है

वक्फ संशोधन बिल-2025 संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से पारित हो गया है। दोनों सदनों ने इस विधेयक पर मैराथन चर्चा कर, आधी रात के बाद इसे पारित कर एक बड़ा संदेश देने का प्रयास किया है। देश के उच्च सदन राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल- 2025 पर गुरुवार, 3 अप्रैल को चर्चा शुरू हुई। सदन के अंदर सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्षी गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के सांसदों ने 12 घंटे से भी अधिक समय तक इस बिल पर जोरदार चर्चा की।



**देश के उच्च सदन राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल-2025 पर गुरुवार, 3 अप्रैल को चर्चा शुरू हुई। सदन के अंदर सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्षी गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के सांसदों ने 12 घंटे से भी अधिक समय तक इस बिल पर जोरदार चर्चा की।**

बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन में शामिल तमाम राजनीतिक दलों ने इस बिल को समय की मांग बताते हुए पारित करने में विपक्षी दलों से सहयोग मांगा। लेकिन विपक्षी दलों ने इस बिल को असंवैधानिक बताते हुए इसका पुरजोर विरोध किया। आधी रात के बाद यानी शुक्रवार, 4 अप्रैल को देर रात 2 बजे के बाद सदन में इस पर वोटिंग शुरू हुई। राज्यसभा ने देर रात 2¬32 बजे वक्फ संशोधन बिल- 2025 को पारित कर दिया। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार के उद्देश्य से लाए गए बिल के पक्ष में राज्यसभा में 128 सांसदों ने वोट किया,जबकि 95 सांसदों ने इसके खिलाफ अपना मत दिया। राज्यसभा में इस बिल के समर्थन में 128 सांसदों का समर्थन हासिल करना बीजेपी के रणनीतिकारों के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है। बिल के खिलाफ देशभर में बनाए गए माहौल और विपक्षी दलों की एकजुटता के बावजूद बीजेपी इस बिल पर एनडीए गठबंधन के इतर जाकर अन्य विपक्षी सांसदों का समर्थन हासिल करने में भी कामयाब रही। राज्यसभा से पारित होने से एक दिन पहले गुरुवार, 3 अप्रैल को आधी रात के बाद लोकसभा ने भी इस बिल को पारित कर दिया था। लोकसभा में 288 सांसदों ने मोदी सरकार द्वारा लाए गए इस बिल का समर्थन किया था जबकि 232 सांसदों ने बिल के खिलाफ मतदान किया था। वक्फ संशोधन बिल- 2025 अब कानून बनने से महज एक कदम दूर रह गया है। संवैधानिक तौर पर, संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद इस बिल को अब मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के बाद वक्फ संशोधन बिल- 2025 औपचारिक रूप से कानून के तौर पर लागू हो जाएगा।

हालांकि, यह भी एक सच्चाई है कि दोनों सदनों से पारित हो जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बावजूद इस बिल को लेकर जारी विवाद अभी थमने वाला नहीं है। दोनों सदनों में चर्चा के दौरान, बिल पर सरकार और विपक्ष के बीच जोरदार टकराव देखने को मिला। सरकार ने इस बिल को समय की मांग और मुस्लिमों के लिए फायदेमंद बताते हुए कहा कि पारदर्शिता और सुशासन के लिए इसे लागू करना बहुत जरूरी है। वहीं विपक्षी दलों ने इसे मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप करार देते हुए इसे अल्पसंख्यक विरोधी विधेयक तक बता डाला।

सदन में सरकार से हार जाने के बाद अब बिल के विरोधी सड़क पर उतर कर लड़ाई लड़ने की बात कहते नजर आ रहे हैं। मुस्लिम संगठनों ने इस बिल के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन चलाने का ऐलान पहले ही कर दिया है।अल्पसंख्यक वोटों की राजनीति करने वाले कई राजनीतिक दल भी इस आंदोलन का समर्थन कर, इसे बड़ा बनाने की कोशिश करेंगे। वहीं विपक्षी सांसदों सहित कई संगठन इस बिल को संविधान विरोधी बताते हुए अदालत जाने की भी तैयारी में भी जुट गए हैं। शरद पवार की पार्टी की राज्यसभा सांसद फौजिया खान ने बिल के पारित होने के बाद कहा कि इसका विरोध जारी रहेगा, वक्फ बोर्ड एक धार्मिक संस्था है।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार के उद्देश्य से लाए गए बिल के पक्ष में राज्यसभा में 128 सांसदों ने वोट किया,जबकि 95 सांसदों ने इसके खिलाफ अपना मत दिया। राज्यसभा में इस बिल के समर्थन में 128 सांसदों का समर्थन हासिल करना बीजेपी के रणनीतिकारों के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है। बिल के खिलाफ देशभर में बनाए गए माहौल और विपक्षी दलों की एकजुटता के बावजूद बीजेपी इस बिल पर एनडीए गठबंधन के इतर जाकर अन्य विपक्षी सांसदों का समर्थन हासिल करने में भी कामयाब रही।

यह असंवैधानिक बिल है और इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट इस कानून को रद्द कर देगा। वहीं डीएमके सुप्रीमो और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस बिल को पहले ही सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की घोषणा कर रखी है। मुस्लिम वोटरों पर नजरें गड़ाए बैठे अन्य विपक्षी राजनीतिक दल भी इस अभियान का हिस्सा बन सकते हैं। इसलिए यह तय मान कर चलिए कि संसद के दोनों सदनों से बहुमत के आधार पर पास हो जाने के बावजूद भी, इस बिल पर जारी विवाद अभी थमने वाला नहीं है।

**- संतोष कुमार पाठक**

# प्रहलाद रजक को ग्राम खपरी (धोबी) समाज के लोगों ने बधाई दी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** सभी समुदाय के लोगो मे खुशी की लहर प्रहलाद रजक जी को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा रजककार बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर राजेन्द्र निर्मलकर जिला उपाध्यक्ष धोबी समाज व किसान मोर्चा थान खम्हरिया मण्डल उपाध्यक्ष ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐ दी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के लिए अभार व्यक्त करते हुए राजेन्द्र निर्मलकर ने कहा कि प्रहलाद रजक जी के द्वारा शासन की सभी योजनाओं का जनता तक पहुचानें एवं लाभ दिलाने का काम किया,प्रहलाद रजक जी भाजपा के कर्मठ एवं योग्य व्यक्ति आचार,



विचार,मिलनसार हैं, प्रहलाद जी को रजककार बोर्ड की नियुक्ति होने पर केवल धोबी समाज ही नहीं बल्कि सभी समाज के लोगों मे खुशी की लहर है, हर्ष व्यक्त करने वालो में राजेन्द्र निर्मलकर गिरधारी निर्मलकर सरपंच ग्रामपंचायत धोबी खपरी,उपसरपंच श्रीमती सुरतिया असदेव निर्मलकर, तारकेश्वर निर्मलकर पूर्व सरपंच, प्रदीप निर्मलकर,नेमू निर्मलकर पंच, संतोष निर्मलकर, धनेश निर्मलकर,पंच मिथुन पटेल,धनुष सिन्हा,नरेश सिन्हा, उत्तम यादव, जीवन यादव, भूपेन्द्र सेन,तखत सेन,नरेश विश्वकर्मा, योगेश मानिकपुरी,बलराम पटेल,भुनेश्वर वर्मा आदि लोगो ने बधाई एवं शुभकामनाऐ दी।

## ग्राम बाजार चारभाठा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन

**थान खम्हरिया।** समीप ग्राम बाजार चारभाठा में सद्भावना दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासी की जनसहयोग से 4 अप्रैल से, 12 अप्रैल श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथा का समय 2ः00 बजे से प्रभु इच्छा तक। 12 अप्रैल को गीता, तुलसी वर्षा, हनुमान जन्मोत्सव एवं शोभा यात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। कथा व्यास सुश्री विद्या दुबे जी श्री राधा कृष्ण साधना मंदिर, द्वारा अपने मुखारविंद से कथा का




रसपान कराएंगी। आयोजन समिति ने कथा में श्रद्धालुओ को पहुंचाने की अपील की है। कथा वाचक सुश्री विद्या दुबे ने बताया, रामायण, महापुराण हमें आदर्श के साथ जीवन जीने की तरीका सिखाती है। और श्रीमद् भागवत महापुराण हमें मरना कैसे है, यह सिखाती है। भागवत महापुराण में भक्त को मरने से पहले क्या कर्म करें कि अपने मुक्ति को प्राप्त कर सकें। उसे सुगम मार्ग का मार्गदर्शन केवल भागवत महापुराण में ही मिलता है। भगवान की भक्ति से मोक्ष की प्राप्ति करने का सबसे सरल उपाय राम नाम संकीर्तन है।

## गणगौर पर्व का हुआ समापन 16 दिन पूजन के बाद महिलाओं ने किया विसर्जन



**थान खम्हरिया।** थान खम्हरिया होलिका दहन के बाद, शुरू हुआ गणगौर पर्व का सोमवार को विधिवत विदाई के साथ संपन्न हुआ। मिट्टी के कुडेरा में माटी से बनाएं गौरा और गणगौर की आज भी प्रतिदिन की तरह पूजा अर्चना की, नव विवाहित महिलाओं ने जहां पति की लंबी उम्र की कामना की वही अविवाहित युवतियों ने सुयोग्य वर की कामना को लेकर व्रत रखा। वही गणगौर को खीर, पूरी, चूरमा, आदि का भोग लगाया। दोपहर के बाद महिलाओं ने बैंड, बाजे, धमाल के साथ नाचते व गीत गाते हुए, नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण के पश्चात पूजा अर्चना और कहानी सुनाने के बाद गणगौर का तालाब में विसर्जन किया गया। गणगौर भ्रमण के दौरान नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। गणगौर पूजा में भगवान शिव, माता पार्वती के भगवान गणेश जी वह उनकी पुत्री देवसेना को पंचदेव के रूप में पूजा की जाती है। यह पर्व महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा और परिवार की मंगल कामना को लेकर करती है।

## डिप्टी कमिश्नर यादव ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया ।** कमिश्नर पी. एल. यादव राजस्व अभियान के तहत तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। कमिश्नर नामंतरण, बंटवारा तथा सीमांकन के प्रकरण की फाइलों का अवलोकन किया। कमिश्नर ने कहा राजस्व प्रकरण के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें और तहसीलदार के. आर. वासनिक को समय प्रकरण की समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया गया। लंबित प्रकरण पर नाराजगी जताई। कमिश्नर ने कहा, जिन प्रकरणों की सुनवाई पूरी हो गई है। उनका आदेश तत्काल जारी करें। कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कहा, कि तहसील भवन के साफ–सफाई, पुताई नियमित रूप से कराए। तहसीलदार न्यायालय में जिले और तहसील का अनिवार्य रूप से नक्शा प्रदर्शित करें। और प्रत्येक पटवारी के कार्यों का साप्ताहिक अवलोकन करे। और राजस्व प्रकरणों की रिपोर्ट समय पर उपलब्ध ना कराने वाले लापरवाह पटवारियों पर करवाई करने की बात की। कमिश्नर के द्वारा कार्यालय में नस्तियों, पंजीयो एवं अन्य दस्तावेज, संधारण, नायब कानूनगो, नजीर का भी बारीकी से निरीक्षण किया।

# भाटापारा का बारदाना अब यूपी व एमपी की ओर जा रहा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर के बारदाना व्यवसाय मे इन दिनो जबरदस्त उछाल आ गया है फ लस्वरूप दो दर्जन से अधिक छोटे बडे सभी बारदाना कारोबारी अति व्यस्त होकर बारदाना की डिलीवरी देने मे लगे हुये है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश के आलू उत्पादक क्षेत्र प्रयागराज सहित अन्य नगरो मे आलू का बंपर उत्पादन होने के कारण आलू भरने के लिये बारदाना की भारी मांग होने से भाटापारा का बारदाना व्यवसाय उछाल मार रहा है आलू भरने के लिये सेकेण्ड हैड बारदाने की भारी आपूर्ति भाटापारा क्षेत्र से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज सहित अन्य नगरो मे हो रही है जिसके चलते बारदाना



व्यवसायी अति व्यस्त हो चले है एक ओर जहां भाटापारा का बारदाना आलू भरने के लिये प्रदेश से बाहर जा रहा है वहीं दूसरी ओर गेहूं उत्पादक राज्य मध्य प्रदेश के सिहोर, खरगोन व विदिशा सहित अन्य नगरो मे भी इस बार बंपर गेहूं उत्पादन की संभावना के बीच भाटापारा का बारदाना व गेहूं भरने का कटटा बडी तादाद मे मध्य प्रदेश की ओर एक्सपोर्ट होने से बारदाना जगत मे अच्छी मांग बनी हुई है फ लस्वरूप सभी प्रकार के बारदानो की कीमत पर उछाल आ गया है व बारदाने की भरपूर मांग होने की वजह से लोकल मार्केट मे बारदाना अब महंगा बिकने लगा है इसके अलावा कुछ समय बाद छत्तीसगढ राज्य मे भी रबी फ सल का धान तथा उन्हारी उपज आ जाने के बाद बारदाना मे लगातार ग्राहकी का माहौल बने रहने की उम्मीद है। चूंकि प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी भाटापारा मे हीं स्थित है उस लिहाज से नगर मे दो दर्जन से अधिक बारदाना व्यापारी अपने कारोबार से पूरी तरह संतुष्ट है व इस सीजन मे प्राय: एक रफ्तार से ग्राहकी व मांग होने की वजह से संपूर्ण बारदाना जगत का व्यवसाय अच्छा खासा फ ल फू ल रहा है।

# ग्राम उमराव नगर में एक दिवसीय मानस गान का पाठ आयोजित किया गया

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थान खमरिया।** नवरात्रि के पावन अवसर पर समीप ग्राम उमराव नगर में श्री राम सेवा सत्संग मानव समिति के तत्वाधान में एक दिवशीय मानस पाठ का आयोजन किया गया। आयोजन में लगभग 12 गांव की मानस मंडली सम्मिलित हुई सभी मानस मंडली के द्वारा रामचरितमानस में देव महिमा का वर्णन किया गया इस अवसर पर श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया द्वारा भगवान रामचंद्र की छायाचित्र पर एवम मां शीतला की पूजा अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा क्षेत्र व ग्राम की खुशहाली की कामना की उन्होंने ग्रामवासी से कहा हम सभी को भगवान राम के बताए हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है इसलिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में जहां-जहां भगवान श्री राम पधारे उस जगह को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धार्मिक महत्व को जीवित रखने का प्रयास किया जा रहा है आगे अपने गांव वाले के आयोजन की सराहना करते हुए कहा धार्मिक आयोजन करने से धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ती है और यह प्रयास सरानी है जिस अवसर पर दीनदयाल साहू ,काशीराम अग्रवाल ,पीलू पटेल, लीलाधार चंद्राकर सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति व पुरुष शामिल हुई है ।

# कल्याण सागर तालाब का अस्तित्व बचाना जरूरी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र के प्रसिद्ध दानवीर स्वर्गीय दाउ कल्याण सिंग द्वारा तरेंगा रियासत अंतर्गत भाटापारा शहर मे सन 1938 मे पडे भीषण अकाल के दौरान आम जनता को रोजगार व जल संकट से राहत देने के लिये कल्याण सागर तालाब का निर्माण कराया गया था लेकिन समुचित देख रेख के अभाव मे कल्याण सागर तालाब इन दिनो अव्यवस्था के माहौल मे अपने अस्तित्व को बचाने स्वयं आंसू बहा रहा है तालाब का समूचा जल पूरी तरह प्रदूषित होकर रह गया है साथ हीं तालाब के एक बडे हिस्से मे जल कुंभी का फै लाव होने के बाद तालाब का पानी पूरी तरह प्रदूषित होकर बदबू मार रहा है तालाब के चारो दिशाओ मे कच्चे पक्के अवैध निर्माण से मकान बन जाने के कारण ऐतिहासिक महत्व के तालाब पर अस्तित्व का संकट मंडराने लगा है और तो और अब अवैध कब्जाधारी बेखौफ होकर तालाब के आने जाने वाले रास्ते पर अवैध कब्जा से मकान दुकान चबूतरा बना रहे है कुछ चालाक किस्म के लोग अपने अवैध कब्जे को बचाने के लिये जगह जगह छोटे छोटे मंदिरो का निर्माण कर अवैध कब्जे को ढंकने का प्रयास कर रहे है जिससे संपूर्ण तालाब का अस्तित्व खतरे मे पड़ गया है। वही तालाब के चारो दिशाओ मे अनावश्यक रूप से बिल्डिँग रॉ मटेरियल व डिस्मेंटल किये गये मटेरियल के रखे जाने से तालाब के चारो दिशाओ मे आने जाने वालो को परेशानी से जूझना पड़ रहा है तालाब मे एक लंबे समय से सफ ाई नहीं होने से लोग हलाकान है खासकर किसी व्यक्ति या परिवार मे किसी की मृत्यु हो जाने के पश्चात प्रथम दिवस से लेकर दशकर्म व अन्य क्रियाकलाप के लिये दुखी परिवार के महिलाये व पुरूष जो कि स्नान ध्यान व पानी तर्पण के लिये तालाब पहुंचते है उन्हे भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है क्योकि एक ओर जहां तालाब के शत प्रतिशत हिस्से पर अवैध कब्जा हो जाने से लोगो को परेशानियो से जूझना पड़ रहा है।

# सेवा सहकारी समिति हाटरांका में खाद गोदाम व सीमेंटीकरण का भूमिपूजन संपन्न

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हारिया।** भूमि पूजन समारोह खाद गोदाम व सीमेंटीकरण सेवा सहकारी समिति हाटरांका में मुख्य अतिथि मान विजय बघेल जी सांसद दुर्ग लोकसभा विशिष्ट अतिथि मान ईश्वर साहू विधायक कल्पना तिवारी अध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा ,पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी चंदन अग्रवाल अनिल सिंघानिया थानखम्हारिया,प्रिति पटेल सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा देवी वर्मा सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा , पुष्पा देवी सांसद प्रतिनिधि,देवराज वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत हाटरांका गोवर्धन पटेल अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति हाटरांका दिलीप देवांगन सांसद प्रतिनिधि , गणेश वर्मा विधायक प्रतिनिधि , केशव पटेल मंडल अध्यक्ष थानखम्हारिया ओम प्रकाश जोशी पूर्व अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि साय साय छत्तीसगढ़ में चल रहा क्यो ऐसी घोषणा पत्र घोषणा पत्र समिति के संयोजक ने बनाई विजय बघेल जी ने और बीरपुर की जनता ने न्याय दिलाया और ईश्वर साहू को विधायक बनाया ये डबल इंजन की सरकार में 48 लाख रुपए का भूमिपूजन किया गया ईश्वर साहू विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी सरकार ने जितने भी वादे किए एक एक कर उसे पूरा कर रही है हमने वादा किया था 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को पूरा किया आज ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत एक सौ इक्तर जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया सांसद विजय बघेल जी ने कहा कि हमारे विष्णु देव जी की सोच है किसी को कोई भी परेशानी न हो आज पचास लाख रुपए तक का भूमिपूजन किया गया सांसद और विधायक के रूप में हम सब का कर्तृतव्य है जो भूमिपूजन कार्य पूर्ण किया गया किसान अस्सी प्रतिशत है हल के बीना अधुरा है किसान सम्मान निधि चल रहा पुरे देश में 31 सौ रुपए क्विंटल में लिया जा रहा है प्रधानमंत्री मोदी जी कहते हैं सबका साथ सबका विकास सबका सम्मान होना चाहिए इस अवसर पर ज्वाला सिंह राजपूत, रेवाराम पाल, ललित गौतम, शाखा प्रबंधक, आशीष राजपूत, सोनू पटेल, परमेश्वर वर्मा, पुनित पटेल, रामअवतार सिंह राजपूत, चन्द्रशेखर राजपूत, परमेश्वर सिन्हा उपस्थित थे !

# पालिकाध्यक्ष ने बकायादारों से टैक्स पटाने की अपील की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के सबसे बड़ी नगर पालिका का दर्जा रखने वाले भाटापारा में अरसे से शहरवासियों द्वारा सम्पत्ति कर व जल कर का भुगतान नहीं किया जा रहा है। निरंतर बकाया होने से कर की यह राशि करोड़ों में हो चली है। ऐसे में अनेक तरह के विकास कार्यों के लिये करों पर निर्भर रहने वाली नगर पालिका में अब विकास में बाधा आ रही है। स्थिति को देखते हुये नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शहर के विकास में सहभागी बनने लोगों से जल व समेकित करों के भुगतान की अपील की है। अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि उन्होंने शहर को स्वच्छ, सुंदर व विकसित बनाने की दिशा में अनेक योजनाओं की रूपरेखा तैयार कर ली है, लेकिन नगर पालिका में पर्याप्त मद नहीं होने से वे विकास कार्य शुरू हो पा रहे हैं। दूसरी ओर नगर पालिका के अंतर्गत कार्य करने वाले कर्मचारियों के वेतन का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। गौरतलब है कि नगरीय निकायों में अनुदान के अलावा विकास कार्यों के लिये मूल रूप से आय के स्त्रोत अनेक तरह के कर होते हैं, जिनकी वसूली नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले लोगों से होती है। लेकिन नगर पालिका परिषद में करोड़ों रुपये का सम्पत्ति कर व जल कर की राशि लम्बे अरस से बकाया है। नगरवासियों द्वारा इन करों का भुगतान होने से नगर में सुविधा बहाली के साथ ही विकास कार्य होंगे। बता दें कि नगर पालिका परिषद स्तर पर सम्पत्ति कर के रूप में आय के स्रोतों में



भवन कर प्रमुख है जो नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत निर्मित भवनों पर कर लगाई जाती है, जिसमें आवासीय और व्यावसायिक भवन शामिल हैं। इसी तरह भूमि कर भी वसूलने का प्रावधान है, जिसमें खाली प्लॉट और निर्मित भवन शामिल हैं। नपा क्षेत्र में व्यावसायिक संस्थानों पर व्यावसायिक कर लगाया जाता है। बिल बोर्ड और होर्डिंग या डिजिटल बोर्ड पर विज्ञापन कर लगाया जाता है। नगर पालिका क्षेत्र में निर्धारित पार्किंग स्थलों पर पार्किंग कर वसूला जाता है। वहीं निर्माण कार्यों पर निर्माण कर वसूलने का प्रावधान है। वहीं भवन और भूमि के पंजीकरण पर संपत्ति पंजीकरण शुल्क वसूला जाता है। इसके साथ ही भवन और भूमि के मूल्यांकन पर संपत्ति मूल्यांकन शुल्क की वसूली की जाती है। लेकिन आलम यह है कि नगर पालिका में आधे से कम लोग ही इन करों का भुगतान कर रहे हैं, जिसका असर नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों पर पड़ रहा है। दूसरी ओर कर्मचारियों का वेतन व मानदेय भी इन करों से ही दिया जाता है। कर की वसूली नहीं होने से कर्मचारियों का वेतन व मानदेय का भुगतान भी प्रभावित हो रहा है। सम्पत्ति कर के माध्यम से नगर पालिका को राजस्व प्राप्त होता है जिसका उपयोग नगरीय सेवाओं जैसे कि कूड़ा-कचरा संग्रहण, स्ट्रीट लाइट, और अन्य सामाजिक सेवाओं के संचालन में किया जाता है। वहीं सम्पत्ति कर के माध्यम से सड़कें, पानी की आपूर्ति, स्वच्छता, और अन्य सामाजिक सेवाओं के रख-रखाव में किया जाता है। इसी तरह 50 हजार से अधिक की आबादी वाले नगर पालिका परिषद क्षेत्र में नल जल योजना के अंतर्गत शहर में हजारों की संख्या में नल कनेक्शन हैं, जिनमें से शहर के कुछ लोग ही जल कर का भुगतान करते हैं, जबकि सामान्य नल के अंतर्गत 180 रुपये प्रति माह व भागीरथी नल जल योजना के अंतर्गत 60 रुपये प्रति माह कर निर्धारित है।

# सिंधी समाज का महापर्व चेटी चंड महोत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** सिंधी समाज का महापर्व चेटी चंड महोत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कई प्रकार के आयोजन किए गए, जिसमें सिंधी महिला मंडल द्वारा गोदड़ीवाला धाम में आनंद मेले का भव्य आयोजन किया गया तथा झूलेलाल धाम में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसी कड़ी में दिल्ली के प्रसिद्ध सूफ़ी उदय सिंग के सिंधी गीतो पर सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। बच्चों के फैंसी ड्रेस व डांस ने लोगो का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा जी, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा जी, उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया जी एवं समाज के पार्षद सतीश तलरेजा, सुरेश मंधान, श्रीमती भावना ठाकुर व श्रीमती पुष्पा पंजवानी को सम्मानित किया गया। बिरादरी पंचायत के सचिव महेश चंदानी ने बताया कि चेट्रीचंड्र की पूर्व संध्या पर महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा विशाल स?द्भावना वाहन रैली निकाली गई। रैली का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया, चेट्रीचंड्र दिवस पर प्रात: 7 बजे भगवान झूलेलाल का पंचामृत स्नान हुआ, प्रात: 10 बजे से भगवान झूलेलाल की धुनी एवं भजन संध्या का कार्यक्रम किया गया, दोपहर 1:00 बजे भगवान झूलेलाल की महाआरती के पश्चात 3:00 बजे भगवान झूलेलाल (बहराणा साहिब) की विशाल शोभायात्रा निकाली गई, ऐतिहासिक शोभा यात्रा का जगह जगह प्रसाद व शरबत वितरण कर स्वागत किया गया, श्री झूलेलाल धाम से निकाली गई शोभायात्रा भट्टर चौक, गोविंद चौक,शहर थाना, अंडर ब्रिज,श्री एस.एस.डी.धाम,श्री गोदड़ी वाला धाम,पूज्य दरी साहब होते बजरंग वार्ड चौक पहुँची जहाँ वार्ड वासियों द्वारा बहराणे साहब की महा- आरती की गई ततपश्चात संत कंवरराम चौक, प्रेम प्रकाश मंदिर होते हुए श्री झूलेलाल सरोवर पहुंची,सरोवर में भगवान झूलेलाल की महाआरती, अख्खो व पल्लव के पश्चात डॉ वासुदेव ठाकुर ठाकुर द्वारा ज्योति का विसर्जन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंट्रल सिंधी पंचायत के मुखी इंदरलाल थारानी, भीषम गुरयानी कैलाश बालानी, राजेश छाबड़िया, डॉक्टर वासुदेव ठाकुर, सुरेश किंगरानी के अलावा बाबा गरीबदास मंडल, प्रेमप्रकाश मंडल, एसएसडी सेवा मंडल, गोदड़ी वाला धाम, जे जे एल युवा समिति, बाबा गुरमुखदास सेवा समिति संत निरंकारी मिशन, सिंधी महिला मंडल, पूज्य झूलेलाल सेवा मण्डल के सदस्यों एवं समस्त सिंधी समाज का योगदान रहा।

चेट्रीचंड के अवसर पर भाटापारा में सिंधी समाज ने भगवान झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का कई स्थानों पर कई संगठनों ने स्वागत, सत्कार किया गया।झूलेलाल जयंती के अवसर पर भाटापारा में निकली भव्य शोभायात्रा का धूमधाम से ऐतिहासिक स्वागत किया।

# कर्मा जयंती के अवसर पर इन्द्र साव ने 25 लाख रूपये छात्रावास के लिये दी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे क्षेत्रिय विधायक इंद्र साव उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम मे रेवाराम साहू, दीनदयाल साहू, दिनेश साहू, पन्नालाल साहू, दयालू साहू, सहदेव साहू, कोमल साहू, रामसागर साहू सहित हजारो की संख्या मे साहू समाज के महिला पुरूष एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इसके पहले साहू बंधुओ द्वारा झांकी के साथ विशाल बाईक रैली निकाली गई जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये भामाशाह छात्रावास मे जाकर समाप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पंच सरपंच, जनपद सदस्य व पार्षदों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये विधायक इंद्र साव ने कहा कि हमे राजनीति से उपर उठकर समाज हित के काम करने है उन्होने निर्माणाधीन भामाशाह छात्रावास के लिये 25 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा की जिसका की उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया। उपस्थित लोगों को रेवाराम साहू, वींणा साहू, राजेश साहू, नभ नारायण साहू, मनीराम साहू, तिलक साहू, लुकु साहू, पितांबर साहू व रवि साहू ने भी संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम मे अमृत साहू, निकेश साहू, जीत नारायणसाव, लाला साहू, पीलाराम साहू, रामचंद साहू, भागवत साहू, गणेशराम साहू, सरस्वती साहू, कल्याणी साहू, नीरा साहू, राजलक्ष्मी साहू, हिरमत साहू, दुरपति साहू, रूखमणी साहू, राही साहू, निर्मला साहू, राधा साहू, कांति साहू, प्रमिला साहू, सुकृत साहू, लेखराम साहू, शंकर साहू, मोहन साहू, संतोष साहू व हेमंत साहू सहित बडी संख्या मे सामाजिकजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कवि अजय साहू ने किया आभार प्रदर्शन कमला साहू ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

# कर्मा जयंती पर साहू समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली



**भाटापारा।** सेवा त्याग भक्ति और समर्पण की प्रतिमूर्ति माता कर्मा की जयंती के अवसर पर शहर मे भव्य शोभायात्रा निकाली गई उक्त शोभायात्रा प्रमुख मार्गो के भ्रमण के पश्चात जय स्तंभ चैक के पास पहुंची जहां पर नगर पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व मे शोभायात्रा मे शामिल सभी लोगों को शीतल पेय पदार्थ का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर अभिषेक दास, अशोक सिन्हा, आशीष टोडर, मन्नू बांठिया, निकलेश साहू, सजीवन साव, लुकु साव, राजेश साहू, सतीश साहू, लाला साहू, मालिकराम साहू, नभ साहू, मनीष साहू, संतोष साहू, लालू साहू, हेमंत साहू, हेम साहू, सालिकराम साहू, टीकाराम साहू सहित बडी संख्या मे साहू समाज की महिला व पुरूष उपस्थित थे।

# अश्वनी शर्मा ने माता देवालय तालाब का निरीक्षण किया

**भाटापारा।** नगर पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया एवं पालिकाधिकारी जफ र खान के साथ माता देवालय वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर के पीछे स्थित तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने चैत्र नवरात्रि पर्व एवं सिंधी समाज के चेट्रीचंड्र पर्व को देखते हुये तालाब की सफ ाई व्यवस्था का जायजा लेते हुये तालाब को पूर्ण रूप से साफ करने व व्यवस्था बनाने के निर्देश अधिकारी कर्मचारियों को दिये। अश्वनी शर्मा ने सफ ाई व्यवस्था को तालाबो के आस पास और अधिक सुदृढ बनाने पर जोर देते हुये तालाब की स्वच्छता और सौन्दर्यीकरण की बात कही। उक्त अवसर पर राजा कामनानी, मनीष मिश्रा, हरीश मंधान, मनोज तिवारी, सुरेश किंगरानी, भाजपा पार्षद सतीश तलरेजा भी वहां मौजूद थे।



# कन्हैया साहू भोपाल में होंगे सम्मानित

भाटापारा। नगर के शिक्षक व बाल साहित्यकार कन्हैया साहू को बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध संस्थान भेपाल द्वारा सम्मानित किया जायेगा। संस्थान के निर्देशक महेश सक्सेना द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष के बाल साहित्य सम्मान मे राम भाउ को पुलवार बाल साहित्य सम्मान के लिये छत्तीसगढ राज्य के भाटापारा निवासी कन्हैया साहू का चयन किया गया है। उन्हे आगामी 14 अप्रेल को भेपाल के श्यामला हिल्स स्थित तुलसी मानस भवन सभागार मे सम्मानित किया जायेगा। विदित हो कि कन्हैया साहू अपने शिक्षकीय कार्य के साथ साथ सतत रूप से बाल साहित्य का अध्ययन एवं श्रीजन कर रहे है। उनके द्वारा बाल पहेलियां, बाल कवितायें, बाल गीत व बाल कहानियो के बीच अनेक कृतियो का लेखन किया जा चुका है। कन्हैया साहू समान रूप से छत्तीसगढी और हिन्दी मे अपनी लेखन विधा को जारी रखे हुये है उनकी इस उपलब्धि पर अभिव्यक्ति परिवार के साथ साथ क्षेत्र के तमाम साहित्यकार कवि व पत्रकारो ने उन्हे बधाई प्रेषित की है।



# पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज ने महिला एवं बच्चों से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



**दुर्ग।** पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज ने महिला एवं बच्चों से संबंधितठ्ठ लंबित प्रकरणों की समीक्षा की पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज श्री रामगोपाल गर्ग के द्वारा आज दिनांक को अपने कार्यालय के सभागार कक्ष में महिला एवं बच्चों से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्ग, बेमेतरा जिलों के महिला एवं बच्चों से संबंधित लंबित अपराधों की समीक्षा की गई। पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, साक्ष्यों का समुचित संकलन किया जाए, संवेदनशील मामलों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। विशेष रूप से ITSSO पोर्टल में महिला एवं बाल अपराधों की नियमित अपडेट पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। बैठक में दुर्ग जिले से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी आई.यू.सी.ए.डब्लू श्रीमती पद्मश्री तंवर, बेमेतरा से डीएसपी आई.यू.सी.ए.डब्लू श्रीमती कौशल्या साहू एवं डीएसपी श्रीमत शिल्पा साहू उप निरीक्षक श्री राज कुमार प्रधान उपस्थित रहे।

# केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े जी ने मंत्री निवास वीरपुर मे विद्युत विहीन ग्रामों को विद्युतीकरण के लिए ली अधिकारीयों की समीक्षा बैठक



**अंबिकापुर ( पंकज शुक्ला )।** कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने निस निवास बीरपुर में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों वन विभाग, क्रेडा विभाग, विद्युत विभाग, वाइल्ड लाइफ के अधिकारियों के साथ क्षेत्र के कई विकासात्मक विषयों पर चर्चा किया जिसमें सूरजपुर जिले के 40 ग्राम पंचायत का जो की गैर परंपरागत से विद्युत कृत है जिसे परंपरागत विद्युतीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा ट्रांसफार्मर की समस्या लो वोल्टेज की समस्या से तत्काल निराकरण करने हेतु निर्देशित किये तथा वन विभाग के वन मंडलाधिकारी को आगजनी से वनों की रक्षा के लिए निर्देशित किया गया आज के बैठक मे मुख्यरूप से वनमण्डलाधिकारी सुरजपुर श्री पंकज राज कमल विद्युत विभाग से राजेश लकड़ा ड्डु क्रेड़ाधिकारी श्री यादव जी वाइल्ड लाइफ से बृज भूषण केरकेटा सहित विभाग कर्मचारी सम्मिलित रहें।

# रामनाम सप्ताह मंडप को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू






**भाटापारा।** शहर के प्रमुख धार्मिक आस्था के केंद्र राम सप्ताह मंडप को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने की है वर्तमान में राम सप्ताह मंडप स्थल के बाहर एक ओर जहां रेती, गिट्टी व ईट का जमावड़ा लगा है वहीं दूसरी ओर इंटरप्राइजेस विक्रेताओं द्वारा अनाधिकृत रूप से आलमारी, पलंग व सोफा सेट सहित दजर्नो अन्य प्रकार के सामान राम सप्ताह मंडप के चबूतरे से लेकर सड़क तक फैलाकर रख दिये जाने से यातायात जहां अवरुद्ध हो रहा है वहीं दूसरी ओर लोगों को आवाजाही में परेशानी से जूझना पड़ रहा है इस दिशा में अनेकों बार आम नागरिकों ने प्रशासन से कार्यवाही की मांग करते हुये राम सप्ताह मंडप के आसपास से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से दिनों दिन यातायात बाधित हो रहा है लाखों लोगों के आस्था के केंद्र रहे अखंड राम नाम सप्ताह मंडप में अतिक्रमण से बैठे लोगों को हटाने की मांग धर्म प्रेमियों ने भी करते हुये पुलिस व पालिका प्रशासन से इस दिशा में कार्यवाही की अपेक्षा की है साथ हीं रामसप्ताह मंडप के सामने मार्ग को बाधित करने वाले विभिन्न प्रकार के चैपहिया वाहन के जमावड़े को भी हटाने की पुरजोर मांग करते हुये धार्मिक स्थल के महत्वपूर्ण जगह को साफ व सुरक्षित रखने की मांग करते हुये सड़क यातायात को निर्बाध गति से चालू रखने हेतु प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# दुर्ग हटिया दुर्ग स्पेशल ट्रेन अब जून महीने तक चलेगी




**भाटापारा।** छत्तीसगढ राज्य के दुर्ग रेल्वे जंक्शन से हटिया रेल्वे स्टेशन के मध्य चलने वाली द्वि साप्ताहिक स्पेशल टेकृन के परिचालन मे रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुये विस्तार किया गया है। दुर्ग हटिया दुर्ग के मध्य चल रहीं स्पेशल टेकृन क्रमांक 08185-08186 हटिया दुर्ग हटिया द्वि साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की सुविधा आगामी 28 मार्च 2025 तक चलने के लिये प्रस्तावित थी उसके परिचालन मे 26 फे री का विस्तार करते हुये उक्त ट्रेन को 27 जून 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह 08185 हटिया दुर्ग हटिया द्वि साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को 01 अप्रेल 2025 से बढाकर आगामी 26 जून 025 तक विस्तार करके चलाने का फैसला लिया गया है विपरित दिशा मे भी 08186 दुर्ग हटिया दुर्ग द्वि साप्ताहिक स्पेशल यात्री टेकृन का परिचालन आगामी 02 अप्रेल 2025 से बढाकर 27 जून 2025 तक ट्रेन परिचालन का निर्णय लिया गया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय शिविर में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र करन साहू, एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर राजनीतिविज्ञान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयं सेवक का चयन संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय सात दिवसीय शिविर 2024-25 हेतु किया गया है। उक्त राज्य स्तरीय शिविर दिनांक 21 से 27 मार्च तक आयोजित है शिविर का विषय डिजिटल साक्षरता एवं नशामुक्त समाज के लिए युवा है। संस्था प्रमुख डॉ. आनंद कुमार मिंज ने उक्त शिविर में महाविद्यालय का प्रतिनिधि करने के लिए छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया साथ ही आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. शशि किरण कुजूर, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार यादव एवं सुश्री इंद्राणी मरकाम एवं अन्य प्राध्यापकों ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भाटापारा रेल्वे स्टेशन में डिजीटल भुगतान की सुविधा प्रदान की गई

**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे द्वारा अपने क्षेत्र के रेल यात्रियों को सुरक्षा व सुविधा प्रदान करने के लिये लगातार नये प्रयास कर रहा है इसी क्रम मे रेल्वे टिकटो की खरीददारी के लिये डिजीटल भुगतान को प्रोत्साहन के साथ साथ डिजीटल भुगतान को प्रोत्साहित किया जा रहा है इसी क्रम मे रेल यात्री टिकट काउंटर पर ऑन लाईन भुगतान की सुविधा भी प्रावधान किया गया है। रेल्वे द्वारा ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन के साथ साथ यूटीएस एवं ऑन मोबाईल एप्प जैसी डिजीटल सेवायें यात्रियों को बिना किसी परेशानी के टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान कर रहीं है इसके




अतिरिक्त भाटापारा रेल्वे काउंटर पर भी यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड ई वालेट जैसे डिजीटल भुगतान का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है साथ ही यात्री अपने घर बैठे यूटीएस ऑन मोबाईल एप्प के माध्यम से टिकट ले सकेंगे। रेल्वे के उक्त निर्णय से पर्यावरण की सुरक्षा भी हो सकेगी क्योकि इस पहल से जहां एक ओर पेपर का उपयोग कम होगा वहीं दूसरी ओर वृक्ष कटने से बचेंगे क्योकि वृक्षो के माध्यम से ही पेपर बनते है। रेल्वे की इस प्रयास से पर्यावरण संरक्षण को बढावा मिलेगा साथ ही कैश लेस लेन देन मे समय की बचत भी होगी। रेल यात्रियों को डिजीटल भुगतान पर तीन प्रतिशत अतिरिक्त बोनस का लाभ भी दिया जा रहा है रेल यात्रियो को सबसे महत्वपूर्ण फायदा ट्रेनो मे भीड के दौरान होने वाले पॉकेटमारी व जेब कतरो की घटना से बचाया जा सकेगा साथ ही नगदी रखने के झंझट से मुक्ति पाते हुये रेल यात्री डिजीटल लेन देन कर सकेंगे।

**मुख्य वक्ता माननीय सह सरकार्यवाह चक्रधर ने दिया प्रेरक उद्बोधन**

# शारीरिक प्रकट उत्सव में दिखा आरएसएस की साधना का दर्शन और प्रदर्शन

## संघ की दैनंदिनी शाखा के शारीरिक प्रयोग का हुआ शानदार प्रदर्शन

**रायपुर** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर महानगर के तत्वावधान में रायपुर शहर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित शारीरिक प्रकट उत्सव के कार्यक्रम में संघ की साधना का शानदार प्रदर्शन दिखा। इस कार्यक्रम का आयोजन समाज के लोगों को संघ की शाखा में होनेवाले दैनिक कार्यक्रम और उससे होनेवाले व्यक्तित्व निर्माण का प्रकटीकरण करना है।






इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में हम सभी की साधना से यह तो तय हो गया कि हिंदू समाज संगठित हो रहा है जिसकी कल्पना परम पूज्य डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने किया था। अब संघ के 100 वे वर्ष में हमारा दायित्व बढ़ गया है। हम सब लोगों को संघ बनना होगा।

उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन विषय को बताते हुए कहा कि हम वसुधैव कुटुंबकम् की बात तो बोलते हैं परंतु अपने व्यवहार में परिवार को संगठित करना और संभालना हमें आना चाहिए। सुसंगठित परिवार बनाना हमारी प्राथमिकता हो।

सामाजिक समरसता से समाज परिवर्तन पर उन्होंने कहा कि समरसता का भाव अपने घर से शुरू करना हमारा कर्तव्य हो।

देश में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को समझाते हुए उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन के अभाव को हमने कोरोना काल में प्राण गंवाकर समझा है। ऐसे में पेड़ लगाकर पर्यावरणीय संरक्षण का काम हमें करना होगा। प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का काम स्वयं से शुरू करना होगा। ऐसा कार्य करने के लिए हमें अपने पड़ोसियों और मोहल्लों में बेहतर वातावरण बनाना होगा।

उन्होंने स्व के भाव के जागरण के लिए अंग्रेजी कैलेंडर की बजाय हिंदू नव वर्ष को मनाने के साथ हस्ताक्षर, फलक लेखन, निमंत्रण पत्र को हिंदी में लिखने का आग्रह किया।

नागरिक कर्तव्य पर दायित्व बोध कराते हुए उन्होंने कहा कि देश के विधि विधान के अनुसार हमारे आचार व्यवहार हों, इसी से अनुशासित और सभ्य समाज का निर्माण होगा।

इस शताब्दी वर्ष में संघ पद्धति से गट बनाकर गांव/शहर के प्रत्येक बस्ती, घर में जाकर उनका एकत्रीकरण करके हिंदू सम्मेलन करना है। युवाओं के बीच रहकर एक सशक्त और संगठित हिंदू समाज की रचना करना होगा।

आगामी विजयादशमी में संघ के 100 वर्ष बीत जाने पर भी हमें पूरे उत्साह से शाखाओं के माध्यम से इस पंच परिवर्तन को लेकर समाज परिवर्तन और विस्तार दृढ़ीकरण का कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि भारत की तरफ पूरे विश्व का ध्यान है। हम 5 वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के देश में पहुंच रहे हैं । परंतु यहां यह ध्यान देने की आवश्यकता है कि आर्थिक विकास के साथ साथ जीवन मूल्यों में भी बढ़त हो।

उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों से अपील करते हुए कहा कि हमारा मूल स्वभाव संगठन का होना चाहिए। हमें समाज के सज्जन शक्ति को लेकर चलते हुए उनकी योग्यता और रुचि के अनुसार परिवर्तन के कार्य में नियोजित करना होगा। इस शताब्दी वर्ष में संघ के लिए समय देनेवाले समयदानी लोगों से संपर्क करके व्यापक परिवर्तन की योजना बनानी चाहिए।

इस अवसर पर उन्होंने समाज के लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि जागरण के इस पुनीत कार्य में आप सहभागी हो और हमारे कार्यकर्ता को अपना आशीर्वाद दें।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलेख समाज के संत उदयनाथ जी ने कहा परमपूज्य डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने जिस समाज की कल्पना की, उसका यहां रूप दिख रहा है। उन्होंने कहा कि यष्टी और मुष्टि से विद्रोहियों को ठीक करने का जैसा कार्य भगवान श्री कृष्ण ने किया वैसा ही आप सभी स्वयंसेवक कर रहे हैं।

इसके पूर्व इस प्रकटीकरण में दंड के प्रयोग, नियुद्ध, पद विन्यास, दंड युद्ध, समता, गोपुर, योग, दंड व्यायाम, खेल और सामूहिक गीत के सभी प्रयोग पूरी प्रामाणिकता के साथ किए गए।

दंड के प्रयोग करके जहां स्वयंसेवकों ने दंड से अपनी सुरक्षा की साधना का तस्वीर दिखाया वही दंड युद्ध करके अपने अजेय होने की धाक जमाने का साहसिक प्रदर्शन किया। नियुद्ध के बेहतर प्रदर्शन से स्वयंसेवकों ने स्वयं की सुरक्षा और युद्ध में जीत तय करने के गुण को बताया।

वहीं भारत को हिंदू राष्ट बनाने के जयघोष के साथ

सामूहिक शक्ति के प्रकटीकरण के प्रयोग गोपुर का प्रदर्शन बहुत प्रशंसनीय लगा। खेल से संस्कार भरने के दृष्टिगत खेल का प्रदर्शन बड़ा मनमोहक लगा । वहीं समाज में आपसी सहयोग की भावना को जागृत करने के दृष्टि से सामूहिक समता के चार प्रयोग ने सबको साथ लेकर चलने के भाव को दिखाया। इस कार्यक्रम में सबसे मनमोहक क्षण तब रहा जब कबीर के दोहे के साथ योग के प्रयोग किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के माननीय क्षेत्र संघ चालक डॉ पूर्णेन्दु सक्सेना, रायपुर महानगर के माननीय महानगर संघ चालक महेश बिड़ला सहित हजारों की संख्या में स्वयंसेवक और गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया हिंदू नव वर्ष, विशाल शोभायात्रा निकाली गई

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** हिंदू नव वर्ष के अवसर पर भारत माता युवा मंच के तत्वधान में नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए, पुन: भारत माता कन्या शाला प्रांगण में पहुंची। नगर में निकली शोभा यात्रा तब नागपुर के धमाल पार्टी की आवाज सुनकर लोग देखने उमड़ पड़े। भारत माता जय श्री राम, जय बजरंग बली के जयकारे से वातावरण गूंज उठा। इस दृश्य को देखने लोग सड़क पर निकल आए। जुलूस में शामिल लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जय श्री राम के नारे से पूरा शहर गूंज रहा था।





इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी, सुरक्षा के मद्दे नजर पुख्ता इंतजाम किया गया था। रविवार की सुबह से ही विभिन्न संस्थाओं द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं शाम को हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में लोगों ने भगवा झंडा लहराते हुए, जय श्री राम के नाम जयकारा लगाते हुए, आगे हजारों की संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए। मुख्य चौक में नागपुर से धमाल पार्टी युवक युवतियों को टोली जयकारे के साथ प्रदर्शन कर रहे थे। लोग अपनी छत पर, वह दुकान पर खड़े होकर देख रहे थे। और आनंद अनुभव कर रहे थे। जिसमें आसपास के ग्रामीण अंचल के लोग भी सम्मिलित हुए। डीजे के साथ पारंपरिक बाजे, गाजे, झांकियां शामिल की गई थी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, गो रक्षा विभाग के कार्यकर्ता शामिल थे। वह व्यवस्था में लगे हुए थे। रात्रि में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा वातावरण खराब करने का प्रयास किया गया। लेकिन पुलिस की व्यवस्था सुदृढ़ होने के कारण असफल रहे।


# जीवित महिला का बना मृत्यु प्रमाण पत्र जमीन हड़पने की साजिश

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला






**अंबिकापुर** ,,जीवित महिला का मृत्यु प्रमाण बनवाकर जमीन हड़पने का सनसनीखेज मामला सामने आया है अंबिकापुर क्षेत्र की जीवित महिला का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने का ताजा मामला आया सामने वहीं कागजों में मृत महिला शंकर बाई पंचायत में खड़ा होकर अपने आप को जीवित करने का प्रमाण पत्र मांग रही है दरअसल पूरा मामला अंबिकापुर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत भिट्ठीकला का है जहां शंकरबाई पति बरातु को साल 2016 में ग्राम पंचायत के सचिव दयाराम पैकरा के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर रिकॉर्ड में चढ़ा दिया गया है मुख्य कारण यह बताया जा रहा है कि पीड़िता शंकर भाई का जमीन गांव में है जिसे भू माफिया और उनके अन्य रिश्तेदारों के मिली भगत से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर शंकर भाई को मरा हुआ घोषित कर दिया गया और इसकी बेश कीमती जमीन को बड़ी रकम में बेचने की साजिश रचा गया था वहीं पीड़ित महिला अपनी पुश्तैनी जमीन को बेचना नहीं चाहती है जिसके चलते इसका फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर जीवित महिला को मृत् घोषित कर रिकार्ड दुरुस्त कर जमीन



बेच दी गई है मगर रजिस्ट्री होना अभी बाकी है जब शंकर भाई को मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने की जानकारी मिली तब इसने मणिपुर थाने में शिकायत दर्ज करवाते हुए न्यायालय में भी परिवाद दायर किया है वही पीड़ित महिला ने अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रही है दरअसल अंबिकापुर शहर से लगे महज 10 किलोमीटर की दूरी पर भू माफिया सस्ते दामों में जमीनों को खरीद कर महंगे दामों में बेचने का सौदा करते हैं जिसके लिए भू माफिया किसी अपनी मंशा को पूरी करने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं अब देखना होगा कि क्या महिला को फिर से प्रशासन जीवित प्रमाण पत्र जारी करता है या मामले को ले देकर दबा दी जाएगी फिलहाल पंचायत सचिव दयाराम पीड़ित महिला के घर लगातार चक्कर काट रहा है और पीड़िता को अपने पक्ष में करने का कोशिश कर रहा है मगर पीड़ित महिला अपने ऊपर हुए अन्याय के खिलाफ कार्यवाही के लिए जब इस संबंध में हमने पंचायत सचिव से बात करने का कोशिश किया तो उनके द्वारा समाचार प्रकाशित न करने वह हमसे मिलना नहीं चाहा।

# समय-सीमा की बैठक संपन्न शासन की कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश



ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर।** कलेक्टर श्री विलास भोसकर के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री सुनील कुमार नायक ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभाग द्वारा संचालित शासन की कल्याणकारी योजना महतारी वंदन योजना, पीएम आवास योजना, स्वामित्व योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली एवं योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने को निर्देशित किया। उन्होंने एग्रो स्टैक के तहत किसानों के पंजीयन की समीक्षा करते हुए, सभी तहसीलदारों को ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्रोत्साहित कर स्टैक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली एवं शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड का लाभ हितग्राहियों को मिले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में संविदा भर्ती के अंतर्गत स्टाफ नर्स, कंप्यूटर ऑपरेटर, आर एम ओ सहित अन्य पदों के भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर श्री नायक ने वन अधिकार पट्टा वितरण संबंधी प्रकरण की जानकारी ली एवं शेष प्रकरण को समय पर निराकरण करने कहा। उन्होंने विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों की समीक्षा की एवं सभी विभागीय अधिकारियों को समय पर लंबित प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीजी पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन सहित अन्य लंबित प्रकरणों को निराकरण करने को कहा। सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास प्रबंधकारिनी समिति की आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल ने डीएमएफ मद से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। बैठक में जनपद सीईओ सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। जिला खनिज संस्थान न्यास प्रबंधकारिनी समिति की बैठक में सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यासा अंतर्गत प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित ग्राम पंचायत, मुख्य खनिज से प्रभावित ग्राम पंचायत, गांव खनिज खदानों से प्रभावित ग्राम पंचायत, जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि,शेष राशि की जानकारी दी गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 के वार्षिक आय व्यय लेखा का प्रस्तुतीकरण एवं उपलब्ध राशि की जानकारी दी गई। बैठक में जिला सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर राम सिंह ठाकुर, श्री ए एल ध्रुव, सर्व एसडीएम सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# भिलाई में युवक बोला-उप सभापति चला रहे महादेव सट्टाःकांग्रेस पार्षद ने अकाउंट लिया, लाखों का ट्रांजेक्शन; लौटाने कहा तो कमरे में बंद करके पीटा

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव के घर महादेव सट्टा मामले में CBI ने छापा मारा था।

अब भिलाई नगर निगम कांग्रेस पार्षद और उप-सभापति मन्नान गफ्फार खान पर महादेव सट्टा पैनल चलाने का आरोप लगा है।

युवक ने बताया कि मन्नान और उसके भाईयों ने उससे अकाउंट लिया था। बाद में बैंक से फोन आया कि लाखों के ट्रांजेक्शन हुए हैं। उसने मन्नान से अपना अकाउंट वापस करने कहा। इसके बाद युवक ने अपने अकाउंट से 10 हजार रुपए निकाले। इससे नाराज होकर मन्नान और उसके भाइयों ने युवक को कमरे में बंद करके पीटा। मन्नान के वार्ड क्षेत्र में रहने वाले कैंप 2 चटाई क्वार्टर निवासी उत्तम सिंह उर्फ बॉबी (25 साल) ने छावनी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि पार्षद मन्नान गफ्फार खान और उसका भाई मिलकर महादेव ID का पैनल चलाते हैं।

उसने दावा किया कि उसका बैंक अकाउंट चेक किया जाए तो यह साफ हो जाएगा कि मन्नान और उसके भाई ID चलाते हैं।

## मन्नान और उसके भाई से थी दोस्ती

युवक ने बताया कि उसकी मन्नान और उसके भाई जोहेब और सद्दाम के साथ अच्छी दोस्ती थी। उनका अक्सर घर के पास बाजार में उठना बैठना होता था। दो महीने पहले मन्नान ने उससे उसका बैंक अकाउंट मांगा था।

उसने कहा कि कुछ पैसे मंगाना है, 2-3 दिन में वापस दे देगा। बॉबी ने मन्नान को अकाउंट और पासवर्ड दे दिया।

## बॉबी के पास बैंक से आया फोन

इसके बाद उसने अकाउंट मांगा, लेकिन उन्होंने बहाना बनाकर कुछ दिन बाद देने को कहा। कुछ दिन पहले बॉबी के पास बैंक ऑफ इंडिया से फोन आया कि आपके खाते में दो महीने के अंदर कई लाख का ट्रांजेक्शन हुआ है। उन्हें शक है कि गलत तरीके से पैसे आ रहे हैं। इस पर बॉबी ने कहा कि वह पता करता है और वहां से चला आया।

वापस आने के बाद उसने मन्नान और उसके भाइयों से उसका बैंक अकाउंट देने को कहा। उसने आरोप लगाया कि तुम लोग उसके खाते में महादेव सट्टा का पैसा मंगाते हो। इस पर वो लोग झगड़ा करने लगे और कहने लगे कि वो चाहे तो पता कर ले। एक दो दिन में वो उसका अकाउंट दे देंगे।

## बॉबी ने रुपए निकाले तो बंद कमरे में पीटा

अकाउंट नहीं देने से नाराज होकर बॉबी ने आधार फिंगर प्रिंट के जरिए अपने दिए खाते से 10 हजार रुपए निकाल लिए। इसकी जानकारी होने पर मन्नान ने उससे झगड़ा किया। बुधवार शाम को वो अपने भाई और दोस्तों के साथ पहुंचा, बॉबी को पकड़कर पास स्थित मुबीन पर्दा क्लाथ स्टोर लेकर गए।

दुकान जाने पर मन्नान ने मुबीन को बोला कि सीसीटीवी कैमरा बंद कर दे। कैमरा बंद होने के बाद उन लोगों ने बॉबी को बुरी तरह पीटा। जब बॉबी की बुजुर्ग मां बेटे को बचाने गई तो उन लोगों ने उसे भी धक्का देकर वहां से भगा दिया।

# सिकल सेल रोगियों को नया जीवन दे रहा है शहरी पीएचसी सेंटर, दूसरे राज्यों से भी आ रहे मरीज

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर।** सिकल सेल एक लाइलाज आनुवंशिक बीमारी है, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन की पहल और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से हजारों मरीजों को बेहतर जीवन मिल रहा है। अंबिकापुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में सिकल सेल प्रबंधन यूनिट की शुरुआत 2022 में हुई थी. अब तक इस केन्द्र के माध्यम से 3 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है. जिसमें सिकल सेल के एसएस कैटेगरी के 6 सौ गंभीर मरीजों का इलाज चल रहा है.



### क्या है सिकल सेल बीमारी

सिकल सेल एक आनुवंशिक रक्त विकार है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं सिकुड़कर हंसिया (सिकल) के आकार की हो जाती हैं। इससे रक्त प्रवाह अवरुद्ध होता है, जिसके कारण मरीजों को असहनीय दर्द, एनीमिया, थैलेसीमिया और अन्य गंभीर समस्याएं होती हैं। यह बीमारी पीढ़ी-दर-पीढ़ी फैलती है और इसका इलाज संभव नहीं है, लेकिन सही प्रबंधन से मरीजों को बेहतर जीवन दिया जा सकता है।

### स्क्रीनिंग और उपचार प्रक्रिया

अम्बिकापुर के शहरी पीएचसी सिकल सेल प्रबंधन इकाई के नोडल अधिकारी डॉ. श्रीकांत सिंह चौहान ने सिकल सेल के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि किस आदमी के शरीर में बहुत लंबे समय से दर्द हो रहा हो, शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा 6 से कम रहती हो, बार-बार खून चढ़ाने की जरूरत पड़े, माता-पिता या फैमिली हिस्ट्री में सिकलिंग हो तो जांच अवश्य करानी चाहिए.

### स्क्रीनिंग से तय होता है इलाज की प्रक्रिया

डॉ. श्रीकांत सिंह चौहान ने बताया कि सिकल सेल के लिए पहले स्क्रीनिंग की जाती है. पॉजिटिव रिजल्ट आने पर सिकल सेल दो प्रकार की कटैगरी आती पहला जो बिमार के श्रेणी में आता जिसे एसएस बोलते हैं और दूसरी कैटेगरी वाहक की श्रेणी में आता है जिसे एएस बोला जाता है। इसमें खतरनाक एसएस कैटेगरी होती जिसमें रेगुलर मरीज को दवाईयां लेनी पड़ती हैं। उन्होंने बताया कि सिकल सेल जेनेटिक बिमारी है, ये पीढ़ी दर पीढ़ी फैलते जाती है। इसे जड़ से खत्म करने का एक ही इलाज है शादियां हमेशा निगेटिव और पॉजिटिव के बीच होनी चाहिए जिससे इसे खत्म किया जा सके।

### अन्य राज्यों से इलाज के लिए आते हैं लोग

इस केंद्र की सुविधाओं का लाभ सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के मरीज भी उठा रहे हैं। झारखंड के पलामू से आई मरियम बेबी ने बताया कि उनके पोते को लगातार खून की कमी और असहनीय दर्द हो रहा था, बहुत जगह दिखाया, ठीक नहीं हुआ, लेकिन यहां इलाज के बाद वह अब स्वस्थ है। महीने में एक बार डॉक्टर को चेकअप कराने आते हैं। उन्होंने मिल रहे स्वास्थ्य सुविधाओं के छत्तीसगढ़ शासन और डॉक्टर का आभार व्यक्त किया।

### सही इलाज से बेहतर जीवन संभव

सिकल सेल का इलाज भले ही नहीं है, लेकिन नियमित दवाएं और सही चिकित्सा देखभाल से मरीज दर्दमुक्त जीवन जी सकता हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अंधविश्वास या झाड़-फूंक के बजाय मेडिकल सहायता लेना जरूरी है।

# मंडी में मसूर ने बनाया बिक्री का रिकार्ड 5561 रूपये क्विंटल में बिका



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी मे धान व उन्हारी जींस की संतोषजनक आवक बनी हुई है। वहीं मंडी प्रांगण मे विष्णुभेग धान शनिवार को 5151 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव पर बेचा गया, सामान्य विष्णुभेग ईनेम धान 4160 रूपये प्रति क्विंटल पर बिका, श्रीराम ईनेम धान जहां 3051 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका वहीं श्रीराम धान 2971 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया, एचएमटी ईनेम धान 2740 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया वहीं एचएमटी 2744 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, महामाया नया धान को भी अच्छा कीमत मिला और वह 3105 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव मे बिका, महामाया ईनेम धान 3095 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, मोटा मिक्स धान 2400 रूपये के दर पर बेचा गया वहीं सरना धान 2180 के उच्चतम भाव पर बिका। मंडी प्रांगण मे गेहूं ईनेम जहां 2511 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया वहीं गेहूं 2601 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका, चना ईनेम 4896 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया वहीं चना 5450 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव मे बिका, तिवरा को भी आशा के अनुरूप भाव मिला और वह 4036 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया वही मसूर 5561 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च दर पर बेचा गया। मंडी प्रांगण मे बटरी की भी आवक हुई और वह 3801 रूपये प्रति क्विंटल के भाव पर बेचा गया। प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी मे धान व उन्हारी जींस का अच्छा भाव व त्वरित भुगतान प्राप्त होने की वजह से राज्य के गौरेला पेन्ड्रा मरवाही, सारंगढ-बिलाईगढ, जांजगीर चांपा, कवर्धा, बेमेतरा, मुंगेली, बिलासपुर, महासमुंद सहित अन्य दूर दराज के जिलो के दूरस्थ गांव के कृषक अपनी उपज लेकर लगातार पहुंच रहे है।

# शिवनाथ एक्सप्रेस में करीब 55 लाख की चोरी

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** शिवनाथ एक्सप्रेस में करीब 55 लाख की चोरीःराजनांदगांव से दुर्ग के बीच चलती ट्रेन में महिला का जेवरात और कैश से भरा बैग पार शिवनाथ एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला के साथ करीब 55 लाख रुपए की चोरी की वारदात सामने आई है। यह घटना 4 अप्रैल की सुबह करीब 4 बजे राजनांदगांव से दुर्ग के बीच ट्रेन में हुई। जहां किसी ने जेवरात और कैश भरा बैग चोरी कर लिया। बताया जा रहा है कि, पीड़ित महिला महाराष्ट्र के गोंदिया की रहने वाली है और बिजनेस करती है। पीड़ित महिला ने घटना की जानकारी सबसे पहले RPF (रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स) को दी, जिसके बाद दुर्ग पहुंचकर GRP थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### शिकायत के मुताबिक इन चीजों की चोरी हुई

एक हार करीब 15 लाख रुपए का
एक और हार करीब 35 लाख रुपए का
करीब 4.50 लाख की हीरे की अंगूठी
45 हजार रुपए नकद



### AC कोच में पति के साथ कर रही थी सफर

सूत्रों के मुताबिक, महिला यात्री हिना दिनेश भाई पटेल 18240 ट्रेन में अपने पति के साथ सफर कर रही थी। वे ।।1 कोच की सीट नंबर 19-21 पर थे। इसी दौरान डोंगरगढ़ के पास उसने आखिरी बार अपना पर्स देखा था। उसके बाद ये पर्स वहां से गायब हो गया।

### आरोपी की तलाश जारी

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल सीसीटीवी फुटेज और यात्रियों से पूछताछ के जरिए चोरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।

# कलेक्टर जनदर्शन में सुनी समस्याएं

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



**अंबिकापुर।** कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गईं जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए गए त्वरित निराकरण के निर्देश कलेक्टर श्री विलास भोसकर के निर्देशानुसार, आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री सुनील कुमार नायक ने जिले के नागरिकों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना।

जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई कर समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में शिक्षक और पानी की समस्या, भूमि मुआवजा राशि, वन अधिकार पट्टा, फौत नामांतरण, जलाशय डुबान मुआवजा और जाति प्रमाण पत्र से जुड़ी समस्याओं के आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कदम उठाने के आदेश दिए गए।

जनदर्शन में जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री अमृतलाल ध्रुव, राम सिंह ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निपनिया में विजेता टीम को पुरस्कार बांटे इन्द्र साव ने

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्रिय विधायक इन्द्र साव ने निपनिया मे आयोजित रात्रिकालिन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये साव ने कहा कि देशी खेल कबडडी की तुलना मे आज क्रिकेट का बोलबाला इतना अधिक है कि लोग घर की छतो मे भी क्रिकेट खेलते दिखते है। साव ने विजेता टीमों को बधाई देते हुये कहा कि खेल में विजेता बनने के लिए सामूहिक प्रयास का होना अत्यंत आवश्यक होता है और आज इस बात को कुम्भली और तरेंगा की टीम ने बता भी दिया की लक्ष्य कितना भी बड़ा क्यों ना हो मिलकर जवाबदारी के साथ करने से लक्ष्य आराम से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने उप विजेता टीम के खिलाड़ियों की भी तारीफ करते हुये कहा कि उन्होंने यहां तक का सफर भी टीम भावना के साथ किया। विदित हो कि निपनिया में इस बार ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों के लिये अलग-अलग प्रतियोगिता रखी गई थी। शहरी क्षेत्र का फाइनल मैच कुम्भली व धरसींवा के बीच खेला गया जिसमें कुम्भली की टीम ने 8 ओवर में 114 रन बनाये वही लक्ष्य का पीछा करते हुये धरसींवा की टीम मात्र 62 रनों पर ढेर हो गई। उसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में तरेंगा व भेथीडीह टीम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें भेथीडीह की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुये मात्र 54 रन बना पाई। तरेंगा ने आसानी से ये रन बनाकर 7 विकेटों से फाईनल मैच जीत लिया। विजेता कुम्भली टीम को एक लाख रूपये नगद कप आयोजक समिति द्वारा एवं द्वितीय पुरस्कार 50 हजार व कप क्षेत्रिय विधायक इन्द्र साव के द्वारा दिया गया। ग्रामीण क्षेत्र प्रतियोगिता में विजेता तरेंगा को 40 हजार नकद व कप आयोजन समिति द्वारा दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब भेथीडीह टीम के खिलाड़ी को सायकल व कप राजेन्द्र गुप्ता, अनिता गुप्ता, सृजन गुप्ता द्वारा दिया गया। इसी प्रकार अन्य पुरस्कार शंकर दास मानिकपुरी, शेरा ठाकुर, नरेश नेताम, कामता ध्रुव,अनूप साहू व गुड़ाघाट द्वारा दिया गया। फाईनल मैच का आनंद लेने दूर-दूर से खेल प्रेमी व महिलाएं बच्चे भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके अलावा आसपास गांव के सरपंच, पंच एवं जनपद सदस्य एवं ग्रामवासी कामता रावत, पिन्टू वर्मा, कृष झा, आशीष डेहरी, शैलेश ठाकुर, विनय ठाकुर, रामनरेश यादव, गोपी वर्मा, मुकेश ठाकुर, कुलेश्वर वर्मा व चन्द्रशेखर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे।

# हयूमन टेकृफि किंग पर कार्यशाला संपन्न

**भाटापारा।** रेल्वे सुरक्षा बल द्वारा हयूमन टेकृफि किंग के विरूद्ध एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे रेल्वे सुरक्षा बल के निर्देशक संदीप डी खिरिटर के नेतृत्व मे कार्यशाला आयोजित की गई। उक्त अवसर पर शेष देव भेई विपिन ठाकुर सहित शासकीय रेल पुलिस एवं स्टेट पुलिस के 141 अधिकारी एवं जवानो को जागरूक किया गया।




## संक्षिप्त समाचार

# अवैध रूप से गांजा की तस्करी करने वाले पुलिस की गिरफ्त में






**सरगुजा।** लग्जरी कार में गांजा की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सरगुजा पुलिस को सफलता हाथ लगी है, पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लग्जरी कार से भारी मात्रा अवैध गांजा बरामद कर आगे की जांच में जुट गई है,दरअसल पूरा मामला अंबिकापुर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है जहां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उड़ीसा की ओर से गांजे की खेप लेकर अंबिकापुर के रास्ते से एक लकजरी कार गुजर रही है सूचना के बाद तत्काल कोतवाली पुलिस ने नाका बंदी कर वाहनों की तलाशी ली गई, जहां एक इनोवा कार से पुलिस ने 38 किलो गांजा जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जप्त गांजे की कीमत 9 लाख 50 हजार रु बताइ जा रही है, वहीं आरोपी गांजा को कहां से लेकर आ रहे थे और कहां लेकर जा रहे थे इसकी जांच पुलिस कर रही है

# 40 लोगों ने शिवरतन के समक्ष भाजपा प्रवेश किया



**भाटापारा।** ब्लाक के ग्राम मजगांव मे भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्वादी विचारधारा एवं विकास परख सोंच से प्रभावित होकर ग्राम मजगांव के 40 ग्रामीणों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने सभी 40 लोगों को भगवा गमछा पहनाकर स्व. गोविंद सारंग स्मृति भाजपा कार्यालय मे उन्हे भाजपा प्रवेश कराया। इस अवसर पर उनका अभिनंदन भी किया गया।

# भाटापारा पालिका में पीआईसी का गठन हुआ, अनेक नये चेहरे को मौके

**भाटापारा।** नगर पालिका चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष ने अपनी पीआईसी का गठन कर लिया है। पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार प्रेसिडेंट इन काउंसिल मे पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया को सामान्य प्रशासन एवं विधि विभाग दिया गया है, इसी तरह माता देवालय वार्ड से पार्षद बने सतीश तलरेजा को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी सौंपते हुये उन्हे स्वास्थ्य विभाग का सभापति बनाया गया है इसी प्रकार हथनीपारा वार्ड से निर्वाचित पार्षद सीता अशोक साहू को जल विभाग का सभापति बनाया गया है, महावीर वार्ड से निर्वाचित पार्षद दीपा दशरथ साहू को खाद्य विभाग एवं प्रकाश विभाग की जवाबदारी देते हुये सभापति बनाया गया है वहीं गांधी मंदिर वार्ड से निर्वाचित पार्षद मनीष मिश्रा को राजस्व विभाग का सभापति बनाकर जवाबदारी दी गई है इसी तरह संतकंवरराम वार्ड से निर्वाचित पार्षद बाल गोविंद पटेल को लोक निर्माण का सभापति मनाया गया है, लाल बहादूर शास्त्री वार्ड पटपर से निर्वाचित कुंजराम कोशले को महिला एवं बाल विकास विभाग की जवाबदारी सौंपी गई है। इस प्रकार पालिका मे नये पीआईसी का गठन किया गया है।



# बोर्डिंग स्टेशन से ही अपनी सीट पर पहुंचने वाले यात्रियों को सीट मिलेगी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** रेल प्रशासन द्वारा यात्री ट्रेनो मे टीटीई के कार्य को लगातार पेपरलेस करने की दिशा मे हैण्ड हेल्ड टर्मिनल डिवाईस सिस्टम के तहत एचएचटी के तहत के जरिये समय समय पर अपडेट किया जाता रहा है। अब रेल प्रशासन ने नया अपडेट वेटिंग टिकट और आरएसी के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों के हित मे एक नया फैसला लिया है जिसके तहत रेल यात्री अपने जिस ट्रेन मे यात्रा के लिये आरक्षण कराया है तब उसे बोर्डिंग स्टेशन पर ही निर्धारित सीट पर पहुंचना होगा नहीं पहुंचने पर टीटीई 15 मिनट इंतजार करने के बाद टिकट को निरस्त कर देगा इसके बाद वह तुरंत उक्त सीट को वेटिंग टिकट पर यात्रा कर रहे या आरएसी यात्री के नाम पर अलॉट कर देगा। नये अपडेट से आरएसी और वेटिंग टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों के लिये फायदे मंद साबित होगा इसके पहले अब तक बोर्डिंग स्टेशन के बाद यात्री ट्रेन मे टीटीई सीट पर पहुंचकर यह परीक्षण करता था कि यात्री उस सीट पर बैठा है या नहीं और अगर यात्री यदि अपनी सीट पर मिल जाता था तब टीटीई उसे प्रेजेंट कर देते थे मगर यात्री यहां अगर



नहीं मिलता था तो टीटीई आने वाले दो स्टेशनो तक यात्री का इंतजार करता था व इस दौरान यात्री की उक्त सीट को और किसी को अलॉट नहीं की जाती थी दो स्टेशन के बाद ही टीटीई किसी अन्य को उक्त सीट को अलॉट करता था लेकिन बदली हुई परिस्थिति मे अगर यात्री बोर्डिंग स्टेशन पर अपनी सीट पर नहीं पहुंचता है तो यात्री ट्रेन मे मौजूद टीटीई सिर्फ 15 मिनट के बाद ही एचएचटी पर एनपी नाट प्रेजेंट दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर देगा जिसके तहत प्राथमिकता के साथ उक्त यात्री ट्रेन के वेटिंग टिकट या आरएसी पर यात्रा कर रहे रेल यात्री को अलॉट हो जायेगा साथ ही वेटिंग टिकट व आरएसी पर यात्रा करने वाले यात्री को उक्त जानकारी मेसेज के माध्यम से मोबाईल पर तुरंत मिल जायेगा।

# नारायणी धाम में सुंदरकाण्ड सहित हनुमान चालीसा का आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष्य मे अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति की ओर से सनातन संस्कृति संरक्षाणार्थ सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ नारायणी नवल धाम मे आयोजित किया गया। हिन्दू नववर्ष एवं शक्तिपूजन आराधना के महोत्सव नवरात्र के शुभारंभ पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी मे सुंदरकाण्ड पाठ सहित हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमे सनातनी मातृशक्ति की भागीदारी वहीं मिडियाप्रभारी ममता दीवान सरिता शर्मा ने बताया कि 30 मार्च को हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष्य मे नारायणी नवल धाम के सभा गृह मे संध्या चार बजे



सुंदरकाण्ड एवं सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ का भव्य अनुष्ठान रखा गया है जिसमे सभी मातृशक्ति की उपस्थिति रहेगी उन्होने सभी सनातनी मातृशक्ति एवं वरिष्ठ सदस्यों से शामिल होने की अपील की है।

# 271 यात्रियों का जत्था तीर्थ यात्रा पर हुआ रवाना

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बार फिर मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना की शुरुआत की है। योजना के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र से 271 श्रद्धालुओं का दल भाटापारा रेल्वे स्टेशन से रामेश्वरम-तिरुपति-मदुरै के लिये रवाना हुये। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने तीर्थयात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं को फूलमाला पहनाकर विदाई दी। शर्मा ने श्रद्धालुओं को सफल, सुखद तीर्थयात्रा के लिये शुभकामनाएं देते हुये कहा कि डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार के समय मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना शुरू की गई थी जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के हजारों श्रद्धालुओं ने लिया था लेकिन कांग्रेस सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया था। अब एक बार फिर भाजपा की सरकार



बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना की शुरुआत की गई है। इसका शुभारंभ गुरुवार 27 मार्च को मुख्यमंत्री साय ने रायपुर रेलवे स्टेशन में विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया। इस कड़ी में क्षेत्र से भी 271 यात्रियों का दल तीर्थयात्रा के लिये रवाना हुआ। इसमें शहर, दतरेंगी, मोपका, गुड़ाघाट, मल्दी, मोपर, गुडेलिया के 60 श्रद्धालु श्रद्धालु भी शामिल है। यह श्रद्धालु प्रथम चरण में रामेश्वरम-तिरुपति-मदुरै की यात्रा पर गये हैं। तीर्थयात्रा पर रवाना होने से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने फूल-माला भेंट करते हुये भव्य विदाई दी। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष संकेत अग्रवाल, भारती वर्मा, चेतन वर्मा, बृजेश निषाद सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# दोपहर में पशुओं को जोतने पर प्रतिबंध लगाये जाने की जरूरत

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भीषण गर्मी को देखते हुये प्रशासन एवं जनसामान्य को पशुओं के लिये व्यवस्था की आवश्यकता है गर्मी के चलते पशुओं को न तो पर्याप्त चारा मिल पा रहा है और न ही पर्याप्त पानी जिसके लिये प्रशासन की ओर से विभिन्न स्थानो मे जल पहल के साथ कोटना आदि की व्यवस्था किये जाने की जरूरत है ताकि पशुओं को पर्याप्त रूप से पानी और चारा उपलब्ध हो सके साथ हीं दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक पशुओं को किसी भी प्रकार के गाडी मे जोतने पर प्रतिबंध लगाये जाने की जरूरत है ताकि भीषण गर्मी की मार से पशुओं का संरक्षण हो सके पिछले वर्ष अप्रेल माह मे राज्य शासन द्वारा एक आदेश जारी किया गया था



जिसके तहत आदेश मे यह कहा गया था छ.ग. राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के तहत भीषण गर्मी की स्थिति में प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे के बीच तापमान 37.3 (डिग्री सेल्सियस) से अधिक निरंतर बना रहता है। इस दौरान पशुओं पर सामाग्री रखकर या सवारी हेतु उपयोग करने से अथवा पशुओं को टांगेध्बैलगाडीध्भैसागाडीध्ऊटगाडीध्ख च्चरध्टट्टू गाडी एवं गधे पर वजन ढोने के उपयोग करने से पशु बीमार हो सकते है अथवा उनकी मृत्यु हो सकती है। पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण परिवहन एवं कृषि पशुओं पर क्रूरता निवारण नियम 1965 के नियम 6 (3) के अनुसार जिन क्षेत्रों में तापमान 37.3 से अधिक रहता है उन क्षेत्रों में दिनांक 1 मई से 30 जून तक दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच ऐसे पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। शासन के निर्देश पर अप्रेल 2024 मे तत्कालिन कलेक्टर के एल चैहान ने आदेश जारी किया था उक्त आदेश को इस वर्ष भी पुनरू दोहराये जाने की जरूरत है।

# भाटापारा शहर व ग्रामीण क्षेत्र में जल संकट गहराया

**भाटापारा।** नगर मे भीषण गर्मी के साथ हीं जल संकट बढ गया है जिसके चलते पेयजल सहित अन्य उपयोग के लिये पानी हासिल करने लोगों के बीच मारा मारी का माहौल बनने लगा है। शहर के अधिकांश सार्वजनिक बोरपंप व नलकूप मे पानी के लिये लंबी लाईन लगी हुई है वहीं पानी के लिये मची हाय तौबा के बीच पानी भरने को लेकर महिलाओं के बीच तू तू मै मै का माहौल विभिन्न वार्डो मे बन रहा है क्षेत्र मे ज्यादातर बोर ने



पानी उगलना बंद कर दिया है जिसका मुख्य कारण वाटर लेवल डाउन होना बताया जा रहा है वहीं थोडे बहुंत पानी उगलने वाले बोर मे पानी लेने को लेकर लोगों की भारी भींड उमड पडी है जिसमे पानी भरने को लेकर लोगों मे विवाद होना आम बात बन गया है इसी प्रकार के हालात ग्रामीण क्षेत्रो मे भी देखने को मिल रहा है ग्रामीण क्षेत्र के गांव मे जल संकट को लेकर लोग परेशान है पिछले कुछ वर्षो से क्षेत्र मे लगातार औद्योगिक संयंत्र लग जाने के बाद से शहर व क्षेत्र का भू-जल स्तर लगातार गिर रहा है जिसके चलते बोरिंग व नलकूप भीषण गर्मी मे जवाब दे रहे है अनेक स्थानो पर बोर मे पाईप डालने के बाद भी रिजल्ट संतोषप्रद नहीं आ रहा है फलस्वरूप लोग जल को लेकर पानी पानी हो रहे है अनेक स्थानो पर तो मजबूरी मे लोग नहाने व कपड़ा धोने प्रदूषित तालाबों का सहारा ले रहे है वहीं अनेक गांव मे पेयजल को लेकर संकट की स्थिति बन रहीं है इस बीच ग्रामीण क्षेत्रो मे विद्युत कटौती से जल संकट और गहरा गया है

# यात्री ट्रेनों में वृहनल्लाओं की बढ़ती अवैध वसूली से यात्री हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के रायपुर व बिलासपुर डिवीजन के बीच चलने वाली अधिकांश यात्री ट्रेनो मे इन दिनो रेल यात्री सफ र के दौरान वृहनल्लाओं की बढती संख्या व यात्रियों से अश्लील हरकत करते हुये बल पूर्वक रूपये वसूली की प्रवृत्ति से हलाकान है प्रायरू सभी मेल एक्सप्रेस एवं लोकल व पैसिंजर ट्रेन मे बडी तादाद मे रायगढ, बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर व दुर्ग से बडी तादाद मे वृहनल्लायें ट्रेन की तमाम बोगियो मे चढकर रेल यात्रियों से रूपये वसूली मे मशगूल है जिसमे अनेक डुप्लीकेट वृहनल्ला भी शामिल है जो मेहनत व मजदूरी करने के बजाय यात्रियों से अभद्रतापूर्ण व अश्लील प्रतिक्रया व्यक्त करते हुये रूपये वसूली के कार्य मे बलपूर्वक लगे हुये है प्रायरू नीचे उपर की सीटो मे बैठे सभी रेल यात्रियों से ये वृहनल्ला रकम की मांग करते हुये अश्लील हरकत करते है कई बार तो परिवार सहित यात्रा कर रहे यात्रियों को रकम न देने पर उनकी महिलाओं के सामने ही घोर बेईज्जती उक्त वृहनल्लाओं द्वारा कर दी जाती है जिससे यात्री अपने परिवार के सामने पानी पानी हो जाते है इसप्रकार की बढती प्रवृत्ति को रोकने के लिये आवश्यक कदम उठाये जाने की जरूरत है क्योकि रायपुर व बिलासपुर डिवीजन के अनेक रेल्वे स्टेशनो मे ट्रेनो के रूकने के बाद से समूह मे वृहनल्ला चढ जाते है और टेकृन छूटते ही ताली पीटकर अपनी उपस्थिति एहसास ट्रेन की बोगी मे कराते हुये प्रायरू सभी यात्रियों से रूपये पैसे की वसूली करने लगते है इस दौरान वृहनल्ला यात्रियों के शरीर को भी छूते हुये पैसा मांगते है साथ हीं रूपये पैसे देने मे आनाकानी करने वाले रेल यात्रियो के साथ अश्लील व भद्दी गालियो से बददुआ देते हुये रेल यात्रियों को उनके परिवार के महिलाओं के सामने ही शर्मसार कर देते है। रेल यात्रियों के हित मे रेल प्रशासन व आरपीएफ व जीआरपी ऐसी व्यवस्था करें ताकि रेल यात्री सगुमता पूर्वक व निश्चित होकर यात्रा कर सके।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शादीशुदा व बच्चे वालों का दोबारा कराया गया विवाह

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



**सरगुजा।** सरगुजा जिले में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी, सुपरवाइजर,व कार्यकर्ता ने लापरवाही करते हुए शादीशुदा जोड़ो की फिर से सामूहिक मुख्यमंत्री कन्या विवाह में शादी करा दि गई जबकि, शादीशुदा जोड़ों का सामूहिक कन्या विवाह में शादी नहीं हो सकता। दरअसल अंबिकापुर शहर के पीजी कॉलेज ग्राउंड में तीन महीने पूर्व शासन की महत्वाकांक्षी सामूहिक मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 362 जोड़ों का विधि विधान पूर्वक मंत्रोचार के बीच सामूहिक विवाह संपन्न हुआ जिसमें ग्राम पंचायत के कार्यकर्ता के माध्यम से सुपरवाइजर और महिला बाल विकास दफ्तर तक फॉर्म पहुंचा जिसमें बड़ी लापरवाही बरतते हुए शहर से लगे ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीखास में तीन शादीशुदा जोड़ों का पुन: सामूहिक विवाह में फॉर्म भरकर शादी कर दिया गया बड़ी बात यह है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ही अपने शादीशुदा बेटे और बहू की शादी करा दी जब इस बात की जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी गई तब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवाइजर एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे हालांकि पूरे मामले में जिले के जिला प्रोग्राम ऑफिसर अतुल परिहार ने संज्ञान में लेते हुए कहा कि शासन से मिलने वाले पैसे को होल्ड कर दिया गया है शादीशुदा किसी भी जोड़े को शासन की किसी योजना का लाभ नहीं मिला है पूरे मामले में जांच कर आगे के कार्रवाई करने की बात कही है।

## अश्वनी शर्मा ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बांटे पुरस्कार



**भाटापारा।** नगर पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल टिकुलिया मे आयोजित परीक्षा परिणाम घोषणा कार्यक्रम मे शामिल होकर वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सफ लता की खुशी मे शामिल होते हुये सभी उर्तीण छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी साथ हीं उर्तीण हुये छात्र-छात्राओं को शर्मा ने पुरस्कार वितरण कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि शिक्षा ही समाज व राष्ट्र के विकास की आधारशिला है आज के विद्यार्थी कल के हमारे समाज व राष्ट्र के निर्माता होंगे व शिक्षा के जरिये ही आगे चलकर नई उचांईयो को प्राप्त कर सकेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम मे प्राचार्य संतोष सिंग, सरपंच अजय साहू, पीलूराम वर्मा सहित शाला विकास समिति के सदस्य व पालकगण डीएव्ही स्कूल के स्टाफ के लोग उपस्थित थे।

# कबाड़ से बना 30 फिट का ऐफिल टावर महापौर मंजूषा भगत ने किया उद्घाटन

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला





**अंबिकापुर।** पेरिस में बने एफिल टॉवर और छत्तीसगढ़ का पहला एफिल टॉवर का उद्घाटन अंबिकापुर की महापौर मंजूषा भगत ने किया। दरसअल नगर निगम अंबिकापुर इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में अपनी स्थिति को दुबारा मजबूत करने के उद्देश्य से पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में नगर निगम की टीम ने नगर निगम के सेनेटरी पार्क स्थित टर्सरी सेग्रीगेशन सेंटर में वर्ष 2023 की दीपावली में आग लग जाने के कारण इसके लोहे के कबाड़ से 30 फिट के एफिल टावर का निर्माण कराया है। इस अवसर पर मंजूषा भगत ने कहा कि कबाड़ से जुगाड़ के तहत नगर निगम ने नवाचार करते हुए एफ़िल टावर का निर्माण किया है जो की आने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में वेस्ट टू वंडर कैटेगरी में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाएगा। उन्होंने नगर निगम की टीम को बधाई देते हुए कहा कि शहर में साफ़ सफाई और अन्य सौंदर्यीकरण पर हम मिलकर काम कर रहे हैं। जिसका परिणाम आने वाले दिनों में दिखाई देगा और हम फिर से शहर को उसका गौरव वापस दिलायेंगे।


बालाजी क्लिनिक मद्रासी दवाखाना

Dr. K.M. Rao

M.S. (Ayu.)

Reg.No. CG03026 A
General Surgeon & Proctologist
Ex. Asso. Professor
Department of Surgery
Govt. Ayurved College, Vadodara, Gujarat

Specialist - Piles, Fissure, Fistula & Ano-rectal Diseases

बालाजी क्लिनिक मद्रासी दवाखाना

लक्ष्मीपुर बिलासपुर रोड अंबिकापुर

10 -AM TO 1 PM -6 PM - To - 7 -30 - PM -10 - AM , To 1 PM
Evening closed Dr-KM RAO RGN-NO- CG 030 26 A & Proctologists -Ex .Asso . Professor - Department of Surgery - Govt.Ayurved, College, Vadodara, gujarat
M-9898337780-9009956307
PHONE- 07774-224307

# अंबिकापुर के घड़ी चौक में जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार एवं CBI का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला




**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ में लगातार कांग्रेस के नेताओं पर हो रहे ईडी और CBI की कार्यवाही से नाराज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अंबिकापुर के घड़ी चौक पर सीबीआई और केंद्र सरकार का पुतला दहन कर विरोध जताया है, जहां लगातार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास समेत अन्य कांग्रेस नेताओं के घरों पर ईडी व सीबीआई के द्वारा छापेमारी किया जा रहा है,वहीं अंबिकापुर के कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा भूपेश बघेल पर बदले की भावना से कार्यवाही करवाई जा रही है ईडी CBI केंद्र सरकार के हाथों में है और जब भी भूपेश बघेल को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलती है उसके बाद इन पर किसी न किसी प्रकार से छापेमारी की कार्रवाई करवाई जाती है।

# बलिदानियों की स्मृति में भाटापारा में रक्तदान किया गया



**भाटापारा।** देश के लिये अपने प्रांणो की बलिदान करने वाले क्रांतिकारी भगत सिंग राजगरू एवं सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर संपूर्ण विश्व मे रक्तदान शिविर आयोजित कर उक्त बलिदानियों को अर्पित की जा रही श्रद्धांजलि की श्रृंखला मे स्थानीय चेट्रीचंड्र पर्व आयोजन समिति एवं पूज्य बिरादरी सिंधी पंचायत भाटापारा तथा नेशनल इंटीग्रेटेड फ रेरम ऑफ आर्टिस्ट एंड टीवी शिविर का आयोजन एवं एक्टिविस्ट निफ ा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 70 लोगों ने रक्तदान कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। उक्ताश्य की जानकारी अरूण छाबडा बंटी ने देते हुये बताया है कि एक लाख पचास हजार यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है उन्होने कहा कि रक्तदान से बडा कोई दान नहीं होता और हम समाज मे इसके प्रति जागरूकता लाने के लिये हमेशा प्रयासरत रहें है। छाबड़ा ने बताया कि रक्तदानियों को देश के लिये शहीद हुये क्रांतिकारियो के परिजनो को हस्ताक्षरयुक्त सर्टिफि केट प्रदान करके सम्मानित किया जायेगा। स्थानीय झूलेलाल मंदिर मे आयोजित रक्तदान शिविर मे बडी संख्या मे लोगों ने सहयोग करते हुये भाग लिया।

# भाटापारा में एक लंबे समय से पूर्णकालिक एसडीएम नहीं लोग परेशान

## राजस्व प्रकरणो मे तारीख पे तारीख देने की परिपाटी से लोग हैरान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अविभाजित रायपुर जिले के दूसरे सबसे बडे नगर भाटापारा मे स्थित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पद पर एक लंबे समय से पूर्णकालिक एसडीएम की नियुक्ति नहीं होने से अनुविभागीय राजस्व कार्यालय मे लंबित प्रकरणो का दबाव बढते जा रहा है फ लस्वरूप आम नागरिको के अलावा राजस्व मामलो के तमाम पक्षकारो को तारीख पर तारीख देकर चप्पल जूते घिसने तक घुमाया जा रहा है जिससे लोगों मे भारी आक्रोश व्याप्त है आखिर सुशासन एवं प्रशासन के विकेन्द्रीयकरण की बात कहने वाले उच्चाधिकारी व राजनेता भाटापारा जैसे महत्वपूर्ण शहर मे पूर्णकालिक एसडीएम की नियुक्ति क्यो नहीं करवा पा रहे है यह विदित रहे कि पूर्व एसडीएम नितीन तिवारी का बिलासपुर तबादला होने के अरसे बाद भी भाटापारा राजस्व अनुविभाग मे पूर्णकालिक नये एसडीएम की नियुक्ति नहीं की गई है फ लस्वरूप बात बात मे लोगों को अपने कार्यो के लिये भटकना पड रहा है वर्तमान मे अतिरिक्त कलेक्टर को अलग से प्रभार एसडीएम कार्यालय का दिया गया है लेकिन वर्क लोड के चलते उपरोक्त अधिकारी जनता के साथ जुडे कार्यो के प्रति पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे है फ लस्वरूप एसडीएम कार्यालय मे राजस्व प्रकरणो सहित अन्य मामलो के प्रकरण सुरसा की मुंह की तरह बढते ही जा रहे है और एसडीएम कार्यालय आने वालो को बात बात मे तारीख दिन व तिथि बताकर पेशी मे घुमाया जा रहा है और तो और पूर्णकालिक राजस्व अधिकारी नहीं होने से क्षेत्र मे अवैध कब्जा तेजी से पनप रहे है जिसको रोकने दिशा मे कोई भी कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है खासकर नहर नाली खेल मैदान, गौठान व सड़क किनारे अवैध कब्जा तीव्र गति से बढ रहे है। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिको ने राज्य शासन एवं जिला कलेक्टर से भाटापारा राजस्व अनुविभागीय कार्यालय मे पूर्णकालिक एसडीएम पदस्थ करने की मांग पुनरू दोहराई है।

## संक्षिप्त समाचार

### विप्र फाउंडेशन ने गणगौर उत्सव मनाया



**भाटापारा।** विप्र फ उंडेशन के बैनर तले गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम मे गणगौर पूजन सामाग्री की थाली सजाओ प्रतियोगिता मे बेला शर्मा को पुरस्कृत किया गया, ईशर गौरा की जोडी मे सजकर आई मीता शर्मा और अनन्या शर्मा को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा गणगौर माता शीतला माता राजस्थानी गाने घूमर नृत्य एकल नृत्य व गणगौर माता के गीत गाये गये जिसमे सभी को उपहार स्वरूप आकर्षक वस्तु भेंट की गई उपरोक्त आयोजन मे श्रीमती सीमा शिवरतन शर्मा, शिवानी, किरण जोशी, चंन्द्रकिरण शर्मा, सुशीता तिवारी, लता शर्मा, बबीता भृगु, नीतू, भृगु, उषा भृगु, आशा पुरोहित, चंदा शर्मा, आशा शर्मा, ममता शर्मा, मीता, वंदना शर्मा, सुनीता, बेला, साक्षी शर्मा, मोहिनी शर्मा, मणी शर्मा, प्रियंका शर्मा, पिंकी शर्मा, ज्योति तिवारी, शशि पांडे, सुलेखा शर्मा, सुनीता शर्मा, योगिता, अनन्या शर्मा, सरिता शर्मा, मंजू शर्मा, नेहा शर्मा, गरिमा शर्मा, पुष्पा शर्मा व आंचल तिवारी सहित अन्य लोगो को उपहार स्वरूप उमा शर्मा द्वारा सुहाग की सामाग्री भेंट की गई। सफ ल आयोजन हेतु विप्र फाउंडेशन की उमा रेखू शर्मा ने आभार प्रकट किया।

### महापौर क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुवात 10 अप्रैल से प्रारंभ की जा रही है



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में 10 अप्रैल से महापौर कब क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत की जा रही है, इस प्रतियोगिता में नगर निगम अंबिकापुर क्षेत्र के 48 वार्ड की 48 टीमें भाग लेंगी,साथ ही पत्रकार और प्रशासन की ओर से खिलाड़ी भी इसमें भाग लेंगे, जहां टीमों का चयन वार्ड के पार्षदों के नेतृत्व में किया जाएगा, और खुद पार्षद भी इस प्रतियोगिता में खेलते नजर आएंगे, इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख और उप विजेता को 50 हजार रु की राशि प्रदान किया जायेगा,,और प्रतियोगिता में बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरुस्कृत किया जायेगा,,शाम 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक खेला जायेगा,जिसको लेकर कमल वाहिनी के सदस्यों के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

### मोदी के कार्यक्रम का प्रसारण पीएम श्री स्कूल में किया गया

भाटापारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता को 33700 करोड़ की सौगात दी गई जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में 130 नए पीएम श्री विद्यालय का लोकार्पण भी किया गया जिसका सीधा प्रसारण समस्त राज्य के पीएम श्री विद्यालयों में दिखाया गया जिसमें राज्य के शिक्षा विभाग से जुड़े समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुये इसी कार्यक्रम के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट पीएम श्री विद्यालय शिवलाल मेहता में उपस्थित होकर उक्त कार्यक्रम को देखा एवं साथ ही बच्चों के साथ चर्चा कर पीएम श्री विद्यालय के विषय में और अधिक जानकारी दी एवं बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाई का महत्व समझाया इसके साथ ही डीईओ ने पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण किया एवं विद्यालय के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उक्त कार्यक्रम में राजेंद्र टंडन, जहीर अब्बास, दुर्गेश शर्मा व केशव देवांगन एवं अन्य स्टाफ के लोग उपस्थित थे।




# शिवनाथ नदी पर कुम्हरखान एनीकट के पास नये इंटेकवेल बनाये जाने की दरकार

लगभग दर्जनभर वार्डो को नये योजना से लाभ दिया जा सकता है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका मे सन 1935 से बनी शिवनाथ नदी के इंटेकवेल से आज भी जल प्रदाय किया जा रहा है जबकि उस वक्त शहर के आबादी मात्र 14 हजार थी जो वर्तमान मे बढकर लगभग 1 लाख के आस पास होने का अनुमान है क्योकि शहर के चारो दिशाओ मे बने नये नये कालोनियो तक जल प्रदाय के लिये पाईप लाईन बिछ चुका है उस लिहाज से उत्तर दिशा मे बहने वाली शिवनाथ नदी के टोहडी घाट इंटेकवेल की क्षमता को पिछले 90 वर्षो मे बढाया नही जा सका है जबकि शहर का निरंतर फैलाव का क्रम जारी है नदी जल के मनमाने दोहन से लोगों को पूर्व की तुलना मे पर्याप्त पेयजल पाईप लाईन के जरिये नहीं मिल पा रहा है नल से आने वाली पानी की धार अब पतली हो गई है इसके लिये दूरगामी सोंच के साथ नई पेयजल नीति का क्रियान्वयन जरूरी हो गया है इसके तहत शिवनाथ नदी टोहड़ी घाट के अलावा शिवनाथ नदी कुम्हरखान एनीकट के पास से लगभग सात किलोमीटर लंबी नई पाईप लाईन बिछाकर कुम्हरखान एनीकट के पास शिवनाथ नदी मे नये इंटेकवेल बनाये



जाने की दरकार है इस इंटेकवेल के जरिये शिवनाथ के जल को नई पाईप लाईन कुम्हरखान, दतरेंगी, दतरेंगा व टेंहका होकर शहर मे लाया जा सकता है इस योजना को यदि दृढ इच्छा शक्ति के साथ क्रियान्वित किया जाता है तो गुरूनानक वार्ड, रामसागर वार्ड, शहीद वीर नारायण सिंग वार्ड, लाल बहादूर शास्त्री वार्ड, बजरंग वार्ड, माता देवालय वार्ड, संतकंवराम वार्ड, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, स्टेशन वार्ड सहित कुछ अन्य वार्डो को अलग से पेयजल प्रदाय की सौगात देकर वर्तमान 90 वर्ष पुरानी पेयजल प्रदाय व्यवस्था मे सुधार किया जा सकता है जिससे कि जल प्रदाय संतोषजनक व व्यवस्थित हो सकेगा इसके अलावा शहर मे अवैध रूप से चल रहे लगभग हजारो नल कनेक्शन जो लोगो के घरो मे लगे है उसके विरूद्ध भी पालिका प्रशासन को ठोस कदम उठाते हुये अवैध नल कनेक्शनधारियो का सर्वे कर उनके कनेक्शन को विच्छेद किये जाने की जरूरत है विच्छेद न किये जाने की स्थिति मे एक लंबे समय से जल चोरी कर रहे लोगो के उपर आर्थिक जुर्माना लगाते हुये अवैध कनेक्शन को वैध किया जा सकता है जिससे कि पालिका की आय मे अप्रत्याशित रूप से बढोत्तरी होगी। नगर मे कई ऐसे लोग है जो 20 - 20 वर्षो से जल शुल्क नहीं पटा रहे है उनके विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही की जरूरत है जनहित मे शिवनाथ नदी पर कुम्हरखान एनीकट के पास नये इंटेकवेल का निर्माण करके नगर मे लगातार बढ रहीं जल संकट की स्थिति को पूर्णतरू समाप्त किया जा सकता है। एक अरसे पूर्व पालिका प्रशासन द्वारा टैंकर मुक्त शहर का नारा दिया जा रहा है लेकिन आज भी अनेक स्थानो पर विभिन्न वार्डो मे पेयजल टेंकर की गाडियां दौड रहीं है इस लिहाज से यह साफ हो गया है कि शहर मे जल संकट अभी भी कायम है।

# भाटापारा में महिलाओं ने बाईक रैली निकालकर भक्ति का अलख जगाया



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर मे हिन्दू नववर्ष के साथ साथ नवरात्रि पर्व पर मातृशक्तियो द्वारा बाईक रैली निकाली गई जिसमे अनुशासन जागरूकता और व्यवस्था की मिशाल पेश करते हुये महिलाओं ने प्रात: 6 बजे लिंक रोड स्थित नारायणी नवल धाम मंदिर मे पूजा अर्चना के बाद बाईक रैली निकाली उक्त रैली को सीमा शिवरतन शर्मा द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बाईक रैली नारायणी नवल धाम से शहर भ्रमण पश्चात शहर से 11 किलोमीटर दूर प्राचीन व ऐतिहासिक मावली माता मंदिर सिंगारपुर के लिये रवाना हुई जिसमे सैकड़ो की संख्या मे शामिल महिलाओं ने स्वस्फूर्त सड़क पर मोर्चा संभालते हुये अनुशासन व्यवस्था का परिचय दिया तथा एक के बाद एक कतार मे सभी दोपहिया वाहन एवं चार पहिया वाहनो की लाईन माता रानी के गूंजते जयकारा एवं भजनो की धुन के बीच आस्था एवं भक्ति की मिशाल पेश की।

उक्त कार्यक्रम मे आदिगौड ब्राम्हण समाज, लालसोट, गुजराती, अखंण्ड ब्राम्हण समाज, कुर्मी समाज, छत्तीसगढी अग्रवाल समाज के साथ साथ अन्य महिलाओं ने कार्यक्रम मे बढ चढकर हिस्सा लिया। जिसमे ममता दीवान, बबीता भृगु, प्रीति शाह, सुमन वर्मा, ममता अग्रवाल व विंध्या अग्रवाल सहित अन्य महिलायें शामिल रहीं। उपरोक्त कार्यक्रम मे कुशल मार्गशन एडव्होकेट जेके अग्रवाल, रामरतन शर्मा, नितीश अग्रवाल व रविकांत अग्रवाल सहित अन्य लोगो का प्राप्त हुआ। मातृशक्तियो द्वारा निकाली गई उपरोक्त बाईक रैली व मां मावली माता दर्शन अभियान मे जिस मार्ग से मातृशक्तियो की रैली निकली उस मार्ग पर लोगो ने पुष्प वर्षा कर रैली मे शामिल सभी लोगों का स्वागत किया इस दौरान अनेक स्थानो पर स्वल्पाहार एवं प्रसादी का आयोजन भी किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक मोहनलाल वर्मा सम्मानित किये गये

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के संयोजकत्व में चिन्मय सागर चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अंचल के शिक्षक मोहन लाल वर्मा को उनके द्वारा शिक्षा, खेलकूद, ज्ञान दान, साहित्य साधना, समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिये चिन्मय अलंकरण के रुप में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार शिक्षा रत्न अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। उक्त शिक्षक पूर्व में भी छत्तीसगढ़ सहित अनेक प्रांतीय साहित्यिक, सामाजिक, धार्मिक संगठनों द्वारा विभिन्न पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं तथा छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आगामी 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर होने वाले शिक्षक अलंकरण के लिए भी इनका चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ के राजभवन के दरबार हाल में आयोजित होने वाले उक्त गरिमामयी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षक मोहनलाल वर्मा छत्तीसगढ़ राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किये जायेंगे। उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा, अशोक जैन, प्रकाश मोदी, सुमनलता जैन, अश्विनी शर्मा, अभिषेक मोदी, आलोक मोदी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### जुडो वुमेंस लीग में आठ सफल लोगों को पुरस्कार मिला

**भाटापारा।** अस्मिता खेलो इंडिया जुडो वुमेंस लीग सब जूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर सभी वर्गो का रायपुर मे आयोजन हुआ इस प्रतियोगिता मे मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के 8 खिलाड़ी शामिल हुये जिसमे दामिन निषाद, संजना देवांगन, याचिका देवांगन, अनपूर्णा देवांगन, खुशी श्रीवास, नेहा साहू, अंजू निषाद व चंचल वर्मा ने सफलता प्राप्त करते हुये पुरस्कार जीते। उनकी इस सफलता पर शिवरतन शर्मा, अश्वनी शर्मा, अरुण द्विवेदी, संभूराम सोनी, कैलाश बलानी, डॉ विकास आडिल, परमानन्द सचदेव, आर के फूटान, मुरलीधर राव, पीताम्बर साहू, पी किरन, अभय केशरवानी, राहुल शर्मा, यशवंत ध्रुव, नेहा वर्मा, संदीप रात्रे व बलराम यादव सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।



### हिन्दू नववर्ष पर प्रभात फेरी निकाली गई

**भाटापारा।** हिन्दू नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा के प्रारंभ अवसर पर रविवार को प्रातरू अखंण्ड राम नाम सप्ताह मंडप स्थल से प्रभात फेरी निकली जो शहर के प्रमुख मार्ग के भ्रमण के पश्चात वापस मंडप स्थल पर ही समाप्त हुई। इस दौरान विभिन्न हिन्दू संगठनो के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक धर्मप्रेमी समाज सेवी उक्त रैली मे शामिल हुये। जिसमे अनिल चांडक, गोविंद मुधडा, नरेश चैबे, सत्यनारायण जोशी, शिव शर्मा, कैलाश शर्मा, कैलाश बावला, मोनू मल, विजय शर्मा, रवि गुप्ता, आनंद शर्मा, नरेश शर्मा, रामरतन मुंधडा, राजेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र गुप्ता, सुनील शर्मा, शिवलाल शर्मा, मुकेश जायसवाल, राजेन्द्र ओझा, कान्हा बावला, अशोक तिवारी, कैलाशपति, शिवम गुप्ता, नंदकिशोर वैष्णव सहित बडी संख्या मे लोग शामिल थे। नये संवत के प्रारंभ होने पर जय स्तंभ चैक स्थित भारत माता प्रतिमा मे ध्वज का चढ़ावा भी किया गया।



### इन्द्र साव ने पंचायत सचिव की हड़ताल को उचित बताया

**भाटापारा।** अपनी एक सूत्रिय शासकीय करण की मांग को लेकर पंचायत सचिव के अनिश्चित कालिन हड़ताल को समर्थन देने कांग्रेस विधायक इन्द्र साव धरना स्थल पर पहुंचे व पंचायत सचिव के हड़ताल एवं मांग को उचित बताते हुये कहा कि मोदी की गारंटी तो यह भी थी कि लोगो को ज्यादा से ज्यादा नौकरी के अवसर दिये जायेंगे फिर ऐसी क्या मजबूरी का कारण बन गया है कि पंचायत के एक अभिन्न अंग पंचायत सचिव को हड़ताल करना पड़ रहा है पंचायत सचिवो की हड़ताल से संपूर्ण गांव का काम काज ठप्प पड़ गया। साव ने एन चुनाव के टाईम भाजपा द्वारा किये गये वायदे का उल्लेख करते हुये कहा कि भाजपा ने पंचायत सचिवो को शासकीय कर्मचारी बनाने का वायदा किया था व अपने घोषणा पत्र मे भी इसे प्रमुखता से स्थान देते हुये इसे मोदी की गारंटी बताया था और अब इसी घोषणा पत्र से सरकार पीछे हट रहीं है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभनपुर-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ







**रायपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के मोहभट्ठा बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर अभनपुर-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस अवसर पर 2,695 करोड़ रूपए की लागत से पूरी हो चुकी चार रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने के साथ ही 7 रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी। छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के विकास और यात्रियों को किफायती एवं सुगम परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम है। इन परियोजनाओं से छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

रायपुर और अभनपुर के बीच मेमू ट्रेन शुरू होने से आम लोगों के लिए आवागमन किफायती और आसान होगा। इस ट्रेन का ठहराव मंदिर हसौद, सीबीडी, केंद्री और अभनपुर स्टेशनों पर होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 747 करोड़ की लागत से राजनांदगांव-बोरतलाव तक बिछाई गई तीसरी रेल लाइन, 353 करोड़ की लागत से मंदिर हसौद-केन्द्री-अभनपुर नई रेल लाइन, 88 करोड़ की लागत से दुर्ग-रायपुर स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली के साथ ही छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण का लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने खरसिया-झाराडीह पांचवीं रेल लाइन, सरगबुंदिया-मड़वारानी तीसरी-चौथी रेल लाइन, दाधापारा-बिल्हा-दगोरी चौथी रेल लाइन, निपनिया-भाटापारा-हथबंद चौथी रेल लाइन, भिलाई-भिलाई नगर-दुर्ग लिंक केबिन चौथी रेल लाइन, राजनांदगांव-डोंगरगढ़ चौथी रेल लाइन, और करगी रोड-सल्का रोड तीसरी रेल लाइन का शिलान्यास किया।

वन मंत्री श्री केदार कश्यप इस मौके पर अभनपुर रेल स्टेशन पर आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रेल सुविधाओं का विकास राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। रेल संपर्क का विस्तार दूरदराज के क्षेत्रों में रोजगार और व्यापार के नए अवसर खोलेगा, जिससे आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर से अभनपुर के बीच शुरू की गई मेमू ट्रेन का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यापार और परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि भविष्य में रेल सुविधाओं का विस्तार बस्तर, सरगुजा और जशपुर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों तक किया जाए, ताकि छत्तीसगढ़ का बड़ा हिस्सा रेल्वे नेटवर्क से जुड़े। कार्यक्रम में विधायक श्री राजेश मूणत, श्री सुनील कुमार सोनी, श्री पुरन्दर मिश्रा, श्री मोतीलाल साहू, श्री गुरु खुशवंत साहेब, श्री इंद्र कुमार साहू, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, नगर निगम कमिश्नर श्री विश्वदीप, ज़िला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# नगर के माई मंदिर में 71 ज्योत प्रज्वलित की गई



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** नगर में स्थित वार्ड क्रमांक 2 में विगत सैकड़ो साल से प्राचीन दुर्गा (माई) मंदिर के नाम से विख्यात है। यहां पर प्रतिदिन भक्त लोग दर्शन के लिए आते हैं। यहां पर दुर्गा माता का मंदिर स्थापित है। जहां दोनों नवरात्र चैत्र नवरात्र में और क्वार नवरात्र में श्रद्धालुओं के द्वारा ज्योत प्रज्वलित की जाती है।वर्तमान में मंदिर में 71 ज्योत प्रज्वलित की गई हैं।भेंट वार्ता के दौरान पंडित रामविलास शर्मा ने बताया। प्रतिदिन मां की पूजा, आरती व विशेष श्रृंगार किया जाता है। आगे आपने बताया, चैत्र नवरात्रि को हिंदू नव वर्ष की शुरुआत का भी प्रतीक माना जाता है। प्रत्येक व्यक्ति जीवन भर या पूरे वर्ष भर में जो भी कार्य करते हैं। थक जाते हैं। तो इससे मुक्त होने के लिए इन नौ दिनों में शरीर के शुद्ध मन की शुद्धि और बुद्धि में शुद्धिकरण करने का पवित्र होने का पर्व है। यह नवरात्र का पर्व बुराइयों से दूर रहने का प्रतीक है। आगे आपने बताया, हिंदू धर्म में कन्या को देवी का स्वरूप माना जाता है। और नवरात्रि के अंतिम दिनों में नौ कन्याओं को भोजन कराकर उनका पूजन किया जाता है। यह परंपरा हमें यह संदेश देती है, कि हर नारी में देवी का वास है। उसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।

# भाटापारा क्षेत्र में नवरात्र पर बह रहीं है भक्ति की बयार

**भाटापारा।** चैत्र नवरात्रि पर्व पर शहर व क्षेत्र मे भक्ति की बयार बह रहीं है क्षेत्र के प्रसिद्ध धर्म स्थल मावली माता सिंगारपुर व तरेंगा गांव की महामाया देवी मंदिर मे श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु भक्त प्रातरू से देर रात तक लाईन मे लगकर देवी मंदिरो मे पूजा आराधना करने अपनी बारी का इंतजार कर रहे है ऐतिहासिक प्राचीन महत्व के मावली माता मंदिर मे दूर दराज क्षेत्र से लोग बडी तादाद मे मावली माता के दरबार मे पहुंच रहे है मान्यता है कि यहां पर मांगी गई मनौती पूर्ण होती है इस लिहाज से भाटापारा के अलावा प्रदेश के तमाम जिलो से लोग अपने अपने साधनो से भाटापारा होकर मावली माता मंदिर सिंगारपुर पहुंच रहे है। चैत्र नवरात्रि मे कई ऐसे भक्त भी है जो भाटापारा शहर से पांच किलोमीटर पैदल चलकर तरेंगा की महामाया मंदिर देवी दर्शन के लिये जा रहे है वहीं समूह मे अनेक लोग भी भाटापारा से पैदल चलते हुये 11 किलोमीटर का सफ र तय कर मावली माता मंदिर सिंगारपुर पहुंच रहे है। इन सब के अलावा शीतला माता प्राचीन मंदिर माता देवालय वार्ड, शीतला माता मंदिर नेहरू वार्ड, शीतला माता मंदिर कालेज गेट, शीतला माता मंदिर हथनीपारा, शीतला माता मंदिर सुभाष बाजार के सामने, सिद्ध कालीपीठ सिद्ध बाबा, अघोर आश्रम धौराभांठा सिद्ध बाबा सहित तमाम मंदिर देवालय मे भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा है वहीं समूचे क्षेत्र मे जसगीत, जगराता व देवी भजन से शहर गुंजायमान हो चुका है सभी मंदिर व देवालय मे हजारो की तादाद मे मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किये गये है वहीं अनेक घरो मे जंवारा का रोपण भी किया गया है जिसकी सेवा आराधना मे बैगा जुटे हुये है साथ हीं दूर दराज से लोग देर रात तक जसगीत गायन करने पहुंच रहे है।





# शिवरतन शर्मा ने राष्ट्रपति का स्वागत किया



**भाटापारा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राजधानी रायपुर के एक दिवसीय दौरे पर थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन पर स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चैबे, रमेश बैस, सरोज पांडे, गौरीशंकर अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष समारोह में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने विधायकों और मंत्रियों की बैठक को संबोधित भी किया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.com